मस्जिद नवाब मुकीम खान,बंगाली पंजा, नागपुर



रोज़ा-5
माहे रमज़ान
सहरी 05 : 12
इफ़्तार 06 : 25

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 6 मार्च 2025 | अंक 143/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक
• डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतुलन आयुर्वेदिक)
• श्री स्वागत तोडकर • तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
----- विशेष उपचार -----
वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन : 9112079000 / 8605245080
सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

# अबु आजमी को यूपी भेज दो, उपचार कर देंगे: सीएम योगी

**लखनऊ.**

महाराष्ट्र की राजनीति में औरंगजेब को लेकर विवाद जारी है। समाजादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबु आजमी ने हाल ही में औरंगजेब के समर्थन में बयान दिया था। उनके बयान के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। खुद शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे आजमी का जमकर विरोध किया।

इसके बाद अबु आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। वहीं, अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी औरंगजेब विवाद पर बयान जारी किया है। सीएम योगी ने साफ तौर पर कहा है कि औरंगजेब को हीरो बताने वाले को यहां रहने का अधिकार नहीं है। सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही, मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है।





उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।

योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था। उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू है जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है।

सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उसपर गर्व कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने सपा को चुनौती दी कि वह अपने विधायक (अबू आजमी) को पार्टी से निकाले और उसे यूपी भेजे, यहां उसका 'उपचार' किया जाएगा। उन्होंने सदन में पूछा कि जो छत्रपति शिवाजी की परंपरा पर लज्जा महसूस करता हो और औरंगजेब को नायक मानता हो, क्या उसे भारत में रहने का अधिकार है?

> उत्तर प्रदेश विधान परिषद में अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी का एक नेता है उस कमबख्त को औरंगज़ेब अच्छा लगता है, वो औरंगजेब को अपना आदर्श बताता है, हिम्मत है तो उसको पार्टी से बाहर करो। समाजवादी पार्टी को उस नेता को लेकर खंडन करना चाहिए, और पार्टी से निकाल देना चाहिए। नहीं तो उसे यहां बुलाइये। उत्तरप्रदेश ऐसे लोगों का उपचार अच्छे से करता है।


## कांग्रेस ने बनाया नया डिपार्टमेंट



**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने देश भर में अपनी संपत्तियों की देखभाल के लिए बुधवार को एक नए विभाग का गठन किया जिसका प्रभारी पंजाब के पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला को बनाया गया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। सिंगला पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन के साथ कांग्रेस पार्टी के संयुक्त कोषाध्यक्ष भी हैं। पंजाब के पूर्व मंत्री सिंगला संगरूर से लोकसभा सदस्य भी रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने देश भर में मौजूद कांग्रेस पार्टी की संपत्तियों की देखरेख के लिए एक नए एआईसीसी विभाग का गठन किया है और विजय इंदर सिंगला को तत्काल प्रभाव से विभाग का एआईसीसी प्रभारी नियुक्त किया है। वह एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इंदिरा भवन में नए पार्टी मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान पार्टी नेताओं से उन संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी सहारा लेने का आग्रह किया था।

## औरंगजेब देश के मुसलमानों का हीरो नहीं: सीएम देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई.**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मनी9 फाइनेंशियल फ्रीडम समिट 2025 के दौरान कहा कि औरंगजेब भारतीय मुसलमानों का हीरो नहीं है. उन्होंने कहा कि औरंगजेब का नाम का बखान करनेबाले मूर्ख नहीं है. वे जानबूझ कर बोलते हैं. वे उनके वोटबैंक में रेडिकल एलिमेंट को संबोधित करते हैं. यह दुनिया को मालूम है कि जिस तरह से औरंगजेब ने हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा, हिंदुओं का कत्लेलाम किया.

केवल हिंदुओं पर कर लगाए. माताओं और बहनों को प्रताड़ित किया. उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज को तड़पा-तड़पाकर मारा. नौ साल संभा जी महाराज उनसे लड़ते रहे. जिस निर्ममता से उन्हें मारा. भारत के लिए और भारतीय मुसलमान के लिए औरंगजेब कभी हीरो नहीं हो सकता है. औरंगजेब के नाम पर कोई अपने बच्चों का नाम नहीं रखता, उन्होंने कहा कि देश में राजाओं को परंपरा के देखे. सबने बच्चों के नाम राजाओं के नाम पर रखे हैं. औरंगजेब नाम का लड़का नहीं देख पाएंगे. कोई औरंगजेब नाम नहीं रखता है. कोई आदमी इस नाम नहीं मिलेगा. ऐसे समय औरंगजेब का महिमा मंडन करना गलत है. उन्होंने कहा कि ये सोच समाजवादी पार्टी यूपी में चुनाव लड़ने वाली है. तुष्टिकरण की नीति से अगर हम लोग अल्पसंख्यक लोगों को वोटबैंक के रूप कर पाएंगे. वे उत्तर प्रदेश में जो किया. उसे रिपीट कर पाएंगे. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से अपील करता हूं कि वो ये बता दें कि उनके पुरखे शिवाजी महाराज की विरासत मानने वाले हैं या औरंगजेब की विरासत को मानने वाले हैं. अगर उनमें शिवाजी से जुड़े जज्बात होंगे, तो वो ऐसी बात नहीं कर सकते हैं. फडणवीस ने कहा कि लोकतंत्र में रहने वाले लोग हैं. लोकतांत्रिक तरीके से इलाज कर सकते थे. कर दिया. अगर इलाज करना भी है, तो नेशनल चैनल पर इलाज थोड़े ही होता है.

गाजा



*गाजा में रमजान के महीने में रोजेदारों ने किया इफ़्तार....*

## पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर यूनुस हुए हताश

**ढाका.**




बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस काफी हताश हो गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर यूनुस ने अपनी बेबसी जाहिर की है। उन्होंने ने कहा है कि ढाका ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को ''औपचारिक पत्र'' भेजे थे, लेकिन नयी दिल्ली से ''कोई आधिकारिक जवाब'' नहीं मिला।

सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' की खबर के अनुसार, ब्रिटेन के चैनल 'स्काई न्यूज' को दिये साक्षात्कार में यूनुस ने कहा कि हसीना पर ''मानवता के खिलाफ अपराध'' के लिए मुकदमा चलाया जायेगा। बता दें कि बांग्लादेश में पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व में व्यापक पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद हसीना (77) भारत आ गई थीं और वह गत पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य एवं असैन्य अधिकारियों के खिलाफ ''मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार'' के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यूनुस ने कहा, ''मुकदमा चलाया जाएगा। न केवल उनके (हसीना) खिलाफ, बल्कि उनसे जुड़े सभी लोगों के खिलाफ भी। बांग्लादेश ने जारी किया है हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, बांग्लादेश ने उनके खिलाफ दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

यूनुस ने कहा कि उन्होंने ''औपचारिक पत्र'' भेजे थे, लेकिन नयी दिल्ली से ''कोई आधिकारिक जवाब'' नहीं मिला। पिछले वर्ष भारत ने नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग से 'नोट वर्बल' या राजनयिक संदेश प्राप्त होने की पुष्टि की थी, लेकिन इस पर टिप्पणी करने से परहेज किया था। 'नोट वर्बल' कूटनीतिक संचार का एक तरीका है। इसका इस्तेमाल किसी देश की स्थिति बताने या किसी काम का अनुरोध करने के लिए किया जाता है। यूनुस ने हालांकि जोर देकर कहा कि हसीना को मुकदमे का सामना करना होगा। हसीना, सेना और पुलिस पर जुलाई और अगस्त में प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई करने का भी आरोप है। हसीना ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उन्हें राजनीतिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

## बम धमाके से दहल उठा पटना यूनिवर्सिटी का दरभंगा हाउस

### मचा हड़कंप, सीसीटीव्ही में कैद हुआ बम फेंकने वाला शख्स



**पटना.** पटना यूनिवर्सिटी का दरभंगा हाउस परिसर आज बम धमाकों की गूंज से दहल उठा। धमाका होते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक संस्कृत विभाग के एचओडी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण के गाड़ी हम से हमला किया गया। पुलिस मामले की मामले की जांच में जुटी, बम बलास्ट की सूचना मिलते ही मौके पर पटना के पीरबहोर थाने पुलिस पहुंच गई। साथ ही पटना टाउन एएसपी दीक्षा भी घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस मामले की मामले की जांच में जुट गई है। वहीं जानकारी के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में बम फेंकते हुए शख्स की तस्वीर कैद हो गई है। छात्रों की आपसी लड़ाई के चलते फेंका बम पटना टाउन एएसपी दीक्षा ने बताया कि आपसी लड़ाई के चलते सुतली बम फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बम धमाके में किसी को व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। एक प्रोफेसर की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। दीक्षा सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही सबकुछ समाने आने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि 30 से 40 की तादाद में लोग इस हमले में शामिल थे। मेरी किसी से दुश्मनी नहीं-प्रोफेसर लक्ष्मीनारायण घटनास्थल की पुलिस ने घेराबंदी कर ली है और हर पहलू की जांच की जा रही है। दरभंगा हाउस कैंपस और आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। वहीं इस बम हमले में संस्कृत विभाग के जिस प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि यह छात्र संघ चुनाव से जुड़ा हुआ मामला है। मुझ किसी की व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। छात्रों के दो गुट आपस में कहीं भिड़े थे और उसके बाद यहां पर बम फेंका गया है। इस घटना में मेरी गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। वहीं बम फेंकने वाले शख्स की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है।

## राहुल गांधी पर कोर्ट ने लगाया 200 रुपये का जुर्माना

**लखनऊ.**



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट ने दो सौ रुपये का जुर्माना लगाया है और 14 अप्रैल को कोर्ट में कोर्ट में हाज़िर होने के आदेश दिए हैं। मामला महाराष्ट्र में दिए राहुल गांधी के एक बयान को लेकर है। राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रा सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। इस बयान के खिलाफ लखनऊ की एसीजेएम में शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि राहुल गांधी का बयान समाज में घृणा फैलाने वाला है। कोर्ट में पेश नहीं होने पर लगा जुर्माना, आज इस मामले में राहुल गांधी को कोर्ट में पेश होना था लेकिन राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। जिसमें कहा गया कि राहुल गांधी नेता विपक्ष हैं। आज उन्हें विदेशी गणमान्य व्यक्ति से मिलना था। ये मुलाकात पहले से तय थी। इसलिए वो कोर्ट नही आ पा रहे हैं। दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने उनकी छूट की मांग को खारिज कर दिया और गैर-हाजिर रहने के लिए 200 रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत में पेश न होने पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने यह कार्रवाई की। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यह भी चेतावनी दी कि राहुल गांधी 14 अप्रैल को अदालत में पेश हों। अगर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 14 अप्रैल को अदालत में पेश नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## 25 करोड़ जमा करें या जेल जाएं; सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोना घोटाले की आरोपी नौहेरा शेख को दिए दो विकल्प दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि या तो पैसा दें या फिर जेल जाएं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर 3 महीने में 25 करोड़ रुपये नहीं चुकाए तो जमानत रद्द कर दी जाएगी. कोर्ट ने सोना घोटाले की आरोपी नौहेरा शेख को निवेशकों से इकट्ठा किए गए पैसे का एक हिस्सा तीन महीने के भीतर वापस करने या जेल जाने का अल्टीमेटम दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को निर्देश दिया कि अगर 90 दिन की अवधि समाप्त होने पर एजेंसी के पास 25 करोड़ रुपये जमा नहीं किए जाते हैं तो शेख को हिरासत में ले लिया जाए. कोर्ट ने नोट किया कि शेख 11 नवंबर, 2024 से अदालत के लगातार आदेशों की अवहेलना कर रही है, जब आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाया गया था, बशर्ते कि वह 25 करोड़ रुपये का भुगतान करे.


## 3 जुलाई से होंगे बाबा बर्फानी के दर्शन



**जम्मू.** अमरनाथ यात्रा का शेड्यूल जारी हो गया है। इस साल श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन 3 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक कर सकेंगे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई 2025 से शुरू होगी और 9 अगस्त 2025 तक चलेगी। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें जम्मू कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात, मुख्य सचिव अटल ढुल्लू सहित कई वरिष्ठ अफसरों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों और उसके शेड्यूल पर चर्चा की गई, जिसके बाद यात्रा की तारीख पर फाइनल मुहर लगी। इस यात्रा का हिन्दू धर्म में बहुत अधिक महत्व अमरनाथ यात्रा भारत के जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित अमरनाथ गुफा तक की एक वार्षिक धार्मिक यात्रा है, जो शिव भक्तों द्वारा की जाती है। इस यात्रा का महत्व हिन्दू धर्म में बहुत अधिक है, क्योंकि यह गुफा भगवान शिव के पवित्र हिमलिंग रूप की पूजा का स्थल है। यह यात्रा हर साल श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन होती है। सरकार ने सुरक्षा के लिए किए खास इंतजाम इस बार यात्रा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। ट्रस्ट और सरकार की ओर से यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था, लंगर सेवा, और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा ताकि यात्रा सहज और सुरक्षित हो। अमरनाथ यात्रा दो प्रमुख मार्गों से की जाती है।

## उन्हें भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं: मोहन भागवत

**भोपाल.** भोपाल में आरएसएस के अनुषांगिक संगठन विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के शुभारंभ पर संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विश्व भारत की ओर देख रहा है उसे मानवता की दिशा देनी होगी। आगे कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। मानवता को सही दिशा देने के लिए आवश्यक है कि हम अपने काम को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। परिवर्तन जरूरी है, क्योंकि संसार स्वयं परिवर्तनशील है, लेकिन यह अधिक महत्वपूर्ण है कि परिवर्तन की दिशा क्या होनी चाहिए। विद्या भारती अपने विचारों के अनुरूप शिक्षा कार्य कर रही है। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के जीवन मूल्यों और संस्कारों का निर्माण भी करती है। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा का कार्य व्यापक है, जो केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसका उद्देश्य समाज को नैतिक रूप से समृद्ध बनाना भी है। तकनीक हर क्षेत्र में प्रभाव डाल रही, आरएसएस प्रमुख ने कहा कि समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन इसमें निष्क्रिय होकर बैठना उचित नहीं होगा। इंसान अपने बुद्धि के दम पर समाज में परिवर्तन लाता है और उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह परिवर्तन सकारात्मक है। आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी।



### क्यों कहा सभी को साथ लेकर चलना है?

उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास केवल एक वर्ग या समूह के कल्याण तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि हमें संपूर्ण समाज के कल्याण का लक्ष्य रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। आगे उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी का भी मत भिन्न हो सकता है, लेकिन कार्य की दिशा सही होनी चाहिए। विमर्श का स्वरूप बदलना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया, उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है, और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। हमें सोचना होगा कि सब में मैं हूँ, मुझ में सब हैं। डॉ. भागवत ने भारतीय दर्शन के इस मूल विचार को रेखांकित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दृष्टिकोण से हमें अपने कार्यों को संचालित करना चाहिए। विश्व भारत की ओर देख रहा, आज विश्व भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। भारत ने सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखा है, और यह आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

# अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र पर कार्यशाला का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में 'डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलेरिटी पर कार्यशाला' का उद्घाटन किया और यह संदेश दिया कि ग्रामीण पलायन की समस्या का समाधान करने और छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में डेयरी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण विकल्प बन सकता है। शाह ने डेयरी सेक्टर के महत्व पर जोर दिया, जिसमें 250 दूध उत्पादक संघों तक सर्कुलेरिटी प्रैक्टिस की शुरुआत की गई है।

शाह ने कहा कि भारत का डेयरी क्षेत्र देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भूमिहीन छोटे किसानों के लिए अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल पोषण की चिंता को हल करता है, बल्कि भारत को दुनिया का नंबर एक दूध उत्पादक बनाने में भी मदद करता है।

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना से लेकर मोदी सरकार की 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना तक, अमित




शाह ने सहकारिता क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार किए हैं। इस दिशा में केंद्रीय बजट 2023-24 को सहकारिता क्षेत्र के लिए एक बूस्टर के रूप में पेश किया गया है। अगले पांच वर्षों में 2 लाख पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और सहकारिता क्षेत्र मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह की जोड़ी 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र के साथ ग्रामीण से ग्लोबल तक के सफर को और भी आसान बना रही है, जिससे सहकारी समितियों को नया आयाम मिल रहा है।

### डेयरी क्षेत्र भूमिहीन छोटे किसानों के लिए वरदान

शाह ने कहा कि भारत का डेयरी क्षेत्र देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भूमिहीन छोटे किसानों के लिए अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल पोषण की चिंता को हल करता है, बल्कि भारत को दुनिया का नंबर एक दूध उत्पादक बनाने में भी मदद करता है।

# स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने पेश किया हेल्थ केयर नेटवर्क

**नागपुर.**

भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपनी एचएचसी (होम हेल्थकेयर) पहल का विस्तार कर देश भर में 100 स्थानों पर इसे उपलब्ध कराया है।

जुलाई 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब कंपनी के 85% से अधिक ग्राहकों को कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर सेवा प्रदान कर रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और सामर्थ्य में सुधार हो रहा है।स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, आनंद रॉय ने इस पहल के बारे में कहा, हमारा लक्ष्य उच्च अस्पतालों में भर्ती होने की लागत, लॉजिस्टिक समस्याओं और देखभाल से जुड़ी चुनौतियों को दूर करना है। इस कार्यक्रम के जरिए हम ग्राहकों के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर उनकी सुविधा और मन की शांति सुनिश्चित करना चाहते हैं।

एचएचसी प्रोग्राम के तहत, डॉक्टर रोगी के घर जाकर उनकी स्थिति का आकलन करते हैं और यदि अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती तो आवश्यक उपचार प्रदान करते हैं। इस पहल से 15,000 से अधिक मरीजों को लाभ हुआ है, खासकर वायरल बुखार, डेंगू, श्वसन संक्रमण जैसे मामलों में।

स्टार हेल्थ ने इस पहल के तहत अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं जैसे केयर 24, पोर्टिया, अर्गला, अतुल्या और अपोलो के साथ साझेदारी की है।

# अमेरिकी बाजारों में बढ़ेगा भारतीय उत्पादों का निर्यात

**नई दिल्ली.**



अमेरिका के चीन, मेक्सिको व कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में निर्यात बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी पर टैरिफ लगा दिया है। साथ ही, सभी चीनी आयातों पर शुल्क को दोगुना कर 20 फीसदी कर दिया है।

रल्हन ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए उच्च टैरिफ चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका को होने वाले निर्यात को प्रभावित करेंगे, क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करेंगे। इससे निर्यात के मोर्चे पर तीनों देश कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। यह भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा अवसर है और इन्हें अमेरिकी बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए इनका लाभ उठाना होगा। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई का कहना है कि अमेरिका के इस फैसले से व्यापार युद्ध गहराने की आशंका बढ़ गई है। इससे भारत को अमेरिका के बाजारों में अपने निर्यात बढ़ाने और अमेरिकी कंपनियों से निवेश आकर्षित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। चीनी उत्पादों पर उच्च टैरिफ भारत के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने का अवसर भी प्रदान करता है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 2018-19 में नॉर्थ अमेरिकन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एनएएफटीए) को यूएस-मेक्सिको-कनाडा एफटीए (यूएसएमसीए) से बदलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अब खुद ही अपने फैसले से खुश नहीं हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए भारत को अमेरिका के साथ व्यापक एफटीए पर बातचीत को लेकर सतर्क रहना चाहिए।

इससे भी बुरी बात यह है कि बातचीत की मेज पर अमेरिका भारत से न सिर्फ टैरिफ में कटौती की मांग कर सकता है, बल्कि सरकारी खरीद को खोलने, कृषि सब्सिडी घटाने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और अप्रतिबंधित डाटा प्रवाह की अनुमति देने जैसी अतिरिक्त रियायतें भी मांग सकता है। हालांकि, भारत इसका विरोध करता रहा है। श्रीवास्तव ने कहा, एफटीए के बजाय भारत अधिकांश औद्योगिक उत्पादों पर टैरिफ खत्म करने का प्रस्ताव देकर अमेरिका को 'जीरो-फॉर-जीरो टैरिफ' डील की पेशकश कर सकता है। बशर्ते, अमेरिका भारतीय वस्तुओं के लिए भी ऐसा ही करे।

# भारत के संस्थागत निवेशक क्षेत्र में 69% कर्मचारियों की वृद्धि

**नई दिल्ली.**

भारत के संस्थागत निवेशक क्षेत्र में 69% कर्मचारियों की वृद्धि भारत का बाजार पूंजीकरण पिछले एक दशक में 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 5.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जिससे संस्थागत निवेशक क्षेत्र में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। सीआईईएल एचआर सर्विसेज की नवीनतम रिपोर्ट 'सीआईईएल वर्क्स' के अनुसार, इस क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या में पिछले दो वर्षों में 69% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 80 कंपनियों के 16,000 से अधिक अधिकारियों के अध्ययन के आधार पर, केवल 17% पेशेवरों को उनके संगठन से प्रमोट किया जाता है, जबकि 83% को बाहर से नियुक्त किया जाता है। इससे कंपनियों के लिए आंतरिक कैरियर प्रगति को बढ़ावा देने का अवसर मिलता है।कुल कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 27% है, लेकिन नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 14% है। सीआईईएल एचआर के कार्यकारी निदेशक श्री के पंडियाराजन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में है और इसका संस्थागत निवेशक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान है। यह क्षेत्र तेजी से बदलावों और नवाचारों के साथ प्रगति कर रहा है, जो भारत और वैश्विक स्तर पर उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।



# अडानी विल्मर ने जीडी फूड्स के अधिग्रहण का किया सौदा

**नई दिल्ली.**




आपने बाजार में फॉर्च्यून ब्रांड का खाना पकाने का तेल जरूर देखा होगा। कंपनी इसी ब्रांड से आटा, चावल, बेसन, सत्तू आदि भी बनाती है। इस ब्रांड की ऑनर कंपनी का नाम अडानी विल्मर लिमिटेड है। कंपनी ने मंगलवार को एक बड़ा ऐलान किया। कंपनी ने बताया कि वो जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग (इंडिया) को खरीदने जा रही है। जीडी फूड्स 'टॉप्स' ब्रांड के नाम से सॉस और अचार, चटनी आदि बनाती है। दिल्ली की इस कंपनी की कीमत 603 करोड़ रुपये आंकी गई है।

बताया गया है कि यह सौदा कई चरणों में होगा। पहले चरण में अडानी विल्मर 80% हिस्सेदारी खरीदेगी। बाकी के 20% हिस्से अगले तीन सालों में खरीदे जाएंगे। जीडी फूड्स के शेयर की कीमत 603 करोड़ रुपये तय हुई है। इसका मतलब है कि पहले चरण में लगभग 483 करोड़ रुपये का पेमेंट होगा। अडानी विल्मर ने बताया कि यह सौदा पूरी तरह नकद में होगा। इसके लिए कंपनी अपने आंतरिक संसाधनों या आईपीओ से मिले पैसों का इस्तेमाल करेगी।

स्टॉक मार्केट को दी गई जानकारी में, अडानी विल्मर ने बताया है कि यह कदम उनकी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी कई तरह के वैल्यू-एडेड फूड प्रोडक्ट्स में उतरना चाहती है। इससे कंपनी के मुनाफे में भी बढ़ोतरी होगी। कंपनी का कहना है, "इससे किचन के ज़रूरी सामानों की हमारी रेंज और भी मजबूत होगी।"

# ईपीएफओ ने अपने कई नियमों में किया बदलाव

## > मेंबर्स को इन मामलों में होगा अधिक फायदा

**नई दिल्ली.**

पिछले कुछ दिनों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने कई सारे नियमों में बदलाव किया है. इसके अलावा, करोड़ों सदस्यों की सहूलियत के लिए कई सारी नई सुविधाएं भी शुरू करने की घोषणा की है. इसी बीच, पेंशन बॉडी ने डिपॉजिट लिंक इंश्योरेंस स्कीम के लिए भी नए नियम पेश किए हैं. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इडीएलआई में यह संशोधन बीते दिनों हुई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में किया है. बता दें कि इस बैठक में सीबीटी ने वित्त साल 2025 के लिए ईपीएफ ब्याज दरों को बरकरार रखने का फैसला लिया था.

ईपीएफओ ने शॉर्ट सर्विस के लिए न्यूनतम इंश्योरेंस के नियमों में बदलाव किया है. अब अगर किसी सदस्य की नौकरी की अवधि पूरा करने से पहले मौत हो जाती है तो उसके परिजनों को 50,000 रुपये का लाइफ इंश्योरेंस बेनिफिट मिलेगा. पेंशन बॉडी के इस कदम से हर साल 5,000 लोगों को फायदा मिलने की उम्मीद की जा रही है. वहीं, पेंशन निकाय का तीसरा सबसे बड़ा बदलाव सेवा निरन्तरता की मान्यता से जुड़ा हुआ है. दरअसल, पहले नौकरी के दौरान एक-दो दिन का अंतर जैसे रविवार या किसी त्योहार की छुट्टी पड़ जाती थी तो इडीएलआई का लाभ सदस्य को नहीं पलता था. ऐसा इस लिए होता था क्योंकि सर्विस में निरंतरता पूरी नहीं हो पाती थी, लेकिन अब एक नौकरी से दूसरी नौकरी के बीच दो महीने तक के अंतराल को सेवा निरन्तरता के रूप में माना जाएगा. ईपीएफओ के इस कदम से सदस्य 2.5 लाख रुपये से लेकर 7 लाख रुपये तक का इडीएलआई फायदा ले उठा सकेंगे और इससे इन सर्विस हर साल 1,000 केसों में मदद मिलने की उम्मीद है.




# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई.**

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलायें स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है। 3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किये गये इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की, और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं की जांच की - जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया।

# बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी की बढ़ रही लोकप्रियता

**नई दिल्ली.**

बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी अब इंडिया में तेजी से पैर पसार रहा है। लोगों में इसके प्रति रुचि बहुत तेजी से बढ़ रही है। इन्वेस्टमेंट और आय श्रोत का ये डिजिटल मुद्रा हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। लेकिन यह दुनिया जितनी ऊपर से सरल दिखती है, उतनी ही जटिल भी है। यही खेल आपको अब समझने की जरूरत है।

ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है। लोग पहले बैंकों में अपना पैसा रखते थे ताकि उनको कुछ ब्याज मिल सके। लेकिन फिर समय बदला और लोगों ने अपना पैसा इंट्रा-डे, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, स्टॉक में इत्यादि में लगाने लगे। यहां से उन्हें अच्छे इंटरेस्ट के साथ इनकम होने लगी। ऐसे में एक बार फिर समय बदलता दिख रहा है लोग अब बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। साथ ही वह इसका गणित भी समझना चाहते हैं।

ऐसे में डिजिटल मुद्रा से जुड़ी हर गुत्थी को सुलझाने के लिए भारत के प्रमुख बिटकॉइन पेज बिटकॉइन भारत ने बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी पर एक विशेष सेमिनार आयोजित करने की घोषणा की हैल बिटकॉइन भारत के इस सेमिनार का उद्देश्य डिजिटल मुद्राओं को सरल और समझने योग्य बनाना है, ताकि लोग इस बदलते वित्तीय परिदृश्य में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

सेमिनार की तारीख और स्थान की घोषणा अभी बाकी है, लेकिन उम्मीद है कि यह कार्यक्रम निवेशकों और क्रिप्टो उत्साहियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा

सेमिनार में बिटकॉइन की मूल बातें, ब्लॉकचेन तकनीक, निवेश रणनीतियां और भारत में क्रिप्टो के नियामक माहौल पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, भागीदारों को उद्योग के विशेषज्ञों से मिलने, इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लेने और डिजिटल संपत्तियों के भविष्य के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने का मौका मिलेगा।




महाराष्ट्र अक्षय विकली लॉटरी
सोडत दर बुधवारी • तिकीट किंमत रु. 50/- • सोडत क्र. 10 • सोडत दिनांक 05/03/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — AK-06 : 1373
उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1373
महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर
श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1632 | 2700 | 4601 | 4606 | 5792 | 6678 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2861 | 3038 | 4059 | 4925 | 5162 | 5402 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1548 | 2391 | 3237 | 3707 | 4812 | 6321 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 3130 | 5456 | 5840 | 6300 | 6411 | 6490 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | 1787 | 2224 | 2870 | 3234 | 3735 | 4125 | 4463 | 4829 | 5256 | 5695 | 6169 | 6657 |
| | | 1805 | 2229 | 2884 | 3235 | 3773 | 4144 | 4464 | 4830 | 5257 | 5708 | 6176 | 6660 |
| 1009 | 1349 | 1816 | 2230 | 2892 | 3237 | 3776 | 4147 | 4467 | 4836 | 5271 | 5711 | 6187 | 6661 |
| 1010 | 1361 | 1827 | 2243 | 2900 | 3251 | 3793 | 4149 | 4468 | 4852 | 5305 | 5718 | 6236 | 6668 |
| 1014 | 1376 | 1850 | 2261 | 2913 | 3301 | 3824 | 4159 | 4481 | 4854 | 5322 | 5741 | 6247 | 6672 |
| 1050 | 1390 | 1854 | 2267 | 2921 | 3306 | 3828 | 4194 | 4483 | 4861 | 5334 | 5751 | 6249 | 6688 |
| 1081 | 1391 | 1874 | 2272 | 2926 | 3314 | 3833 | 4197 | 4514 | 4874 | 5387 | 5756 | 6255 | 6696 |
| 1082 | 1426 | 1901 | 2282 | 2928 | 3330 | 3850 | 4218 | 4521 | 4881 | 5388 | 5757 | 6262 | 6698 |
| 1092 | 1430 | 1935 | 2288 | 2929 | 3347 | 3867 | 4221 | 4528 | 4904 | 5417 | 5798 | 6265 | 6700 |
| 1100 | 1451 | 1956 | 2289 | 2953 | 3349 | 3868 | 4235 | 4534 | 4908 | 5424 | 5827 | 6266 | 6710 |
| 1104 | 1479 | 1991 | 2298 | 2960 | 3351 | 3893 | 4245 | 4536 | 4914 | 5426 | 5853 | 6271 | 6725 |
| 1108 | 1480 | 1994 | 2322 | 2979 | 3354 | 3898 | 4254 | 4538 | 4926 | 5453 | 5855 | 6296 | 6737 |
| 1112 | 1497 | 1997 | 2326 | 2985 | 3363 | 3930 | 4282 | 4539 | 4949 | 5456 | 5856 | 6310 | 6764 |
| 1115 | 1504 | 1999 | 2364 | 2997 | 3371 | 3935 | 4284 | 4541 | 4954 | 5477 | 5866 | 6314 | 6765 |
| 1117 | 1517 | 2002 | 2372 | 3013 | 3384 | 3949 | 4287 | 4546 | 4959 | 5489 | 5872 | 6328 | 6769 |
| 1125 | 1524 | 2019 | 2400 | 3033 | 3389 | 3954 | 4297 | 4554 | 4967 | 5503 | 5877 | 6345 | 6809 |
| 1138 | 1527 | 2022 | 2407 | 3037 | 3390 | 3962 | 4302 | 4567 | 4970 | 5505 | 5905 | 6376 | 6846 |
| 1139 | 1551 | 2023 | 2432 | 3038 | 3398 | 3971 | 4314 | 4568 | 4974 | 5507 | 5920 | 6386 | 6851 |
| 1160 | 1569 | 2035 | 2462 | 3043 | 3427 | 3972 | 4331 | 4574 | 4984 | 5514 | 5930 | 6397 | 6862 |
| 1162 | 1570 | 2046 | 2471 | 3050 | 3469 | 3999 | 4342 | 4581 | 5042 | 5520 | 5951 | 6412 | 6863 |
| 1168 | 1573 | 2066 | 2480 | 3061 | 3496 | 4000 | 4344 | 4582 | 5050 | 5531 | 5954 | 6428 | 6866 |
| 1173 | 1582 | 2079 | 2546 | 3067 | 3507 | 4001 | 4347 | 4605 | 5059 | 5546 | 5958 | 6467 | 6868 |
| 1176 | 1591 | 2082 | 2550 | 3069 | 3510 | 4006 | 4355 | 4634 | 5090 | 5557 | 5985 | 6477 | 6879 |
| 1196 | 1619 | 2092 | 2578 | 3078 | 3536 | 4007 | 4395 | 4652 | 5105 | 5559 | 5986 | 6489 | 6880 |
| 1209 | 1632 | 2102 | 2594 | 3087 | 3548 | 4008 | 4400 | 4676 | 5125 | 5566 | 5995 | 6496 | 6893 |
| 1222 | 1635 | 2103 | 2598 | 3109 | 3553 | 4022 | 4416 | 4694 | 5144 | 5567 | 6027 | 6497 | 6896 |
| 1224 | 1656 | 2112 | 2617 | 3130 | 3565 | 4027 | 4417 | 4698 | 5151 | 5581 | 6031 | 6511 | 6911 |
| 1228 | 1666 | 2124 | 2624 | 3134 | 3567 | 4030 | 4420 | 4706 | 5158 | 5584 | 6046 | 6526 | 6913 |
| 1238 | 1671 | 2162 | 2637 | 3149 | 3588 | 4036 | 4423 | 4707 | 5172 | 5585 | 6055 | 6528 | 6920 |
| 1240 | 1678 | 2186 | 2672 | 3150 | 3611 | 4041 | 4433 | 4722 | 5180 | 5590 | 6060 | 6549 | 6960 |
| 1268 | 1693 | 2188 | 2709 | 3163 | 3631 | 4043 | 4437 | 4740 | 5198 | 5594 | 6086 | 6565 | 6961 |
| 1298 | 1712 | 2195 | 2723 | 3173 | 3635 | 4047 | 4441 | 4758 | 5215 | 5601 | 6100 | 6570 | 6962 |
| 1300 | 1717 | 2201 | 2724 | 3182 | 3656 | 4054 | 4444 | 4764 | 5232 | 5638 | 6109 | 6601 | 6967 |
| 1301 | 1754 | 2205 | 2737 | 3187 | 3699 | 4073 | 4456 | 4787 | 5244 | 5672 | 6136 | 6603 | 6974 |
| 1306 | 1759 | 2218 | 2819 | 3210 | 3703 | 4074 | 4457 | 4798 | 5253 | 5677 | 6149 | 6639 | 6986 |
| 1316 | 1771 | 2223 | 2838 | 3213 | 3734 | 4103 | 4459 | 4804 | 5255 | 5688 | 6162 | 6650 | 6996 |

महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 29/03/2025
पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे) • प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख • दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख • तिकीट किंमत ₹200/-
अक्षय सोडत दिनांक 05/03/2025 • छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00
सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु.10/- • सोडत दिनांक 05/03/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- — MG-01 : 1848

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 1102

तिसरे बक्षिस रु. 1000/- — 1404, 2796, 5172 (श्री एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई), 8080 (जय जलाराम लॉटरीज्, गोरेगाव), 8965 (त्रिमूर्ती लॉटरी एजन्सी, मुंबई)

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 400/- | 2279 | 3178 | 4309 | 5053 | 5803 | 6789 | 7476 | 8281 |
| 1127 | 2282 | 3233 | 4310 | 5156 | 5995 | 7075 | 7482 | 8317 |
| 1136 | 2292 | 3303 | 4432 | 5235 | 6133 | 7099 | 7638 | 8370 |
| 1258 | 2299 | 3620 | 4436 | 5252 | 6160 | 7178 | 7679 | 8396 |
| 1368 | 2433 | 3931 | 4454 | 5345 | 6328 | 7197 | 7851 | 8810 |
| 1712 | 2483 | 4030 | 4641 | 5545 | 6366 | 7302 | 7972 | 8840 |
| 1735 | 2538 | 4045 | 4645 | 5549 | 6558 | 7359 | 7995 | 8849 |
| 2222 | 2822 | 4077 | 4859 | 5599 | 6608 | 7447 | 8074 | 8889 |
| 2258 | 2972 | 4283 | 4966 | 5695 | 6761 | 7467 | 8199 | 8986 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी होळी मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 12-03-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस • दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) • तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 05/03/2025 • छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — विजयालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 05/03/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SV-07 : 4327

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 4567 — सुमित एजन्सी - मुंबई

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 1361, 4958 (श्री एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई), 5733 (डायमंड कॉर्पोरेशन, बोरिवली)

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1122 | 2270 | 3334 | 4188 | 5196 |
| 1381 | 2637 | 3349 | 4352 | 5289 |
| 1451 | 2672 | 3385 | 4420 | 5335 |
| 1920 | 2725 | 3423 | 4464 | 5515 |
| 1981 | 2810 | 3634 | 4466 | 5595 |
| 2013 | 2938 | 3795 | 4664 | 5675 |
| 2186 | 3223 | 4023 | 4794 | 5758 |
| 2246 | 3262 | 4185 | 4959 | 5812 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 07-03-2025
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) • दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) • सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री महालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 05/03/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 05/03/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 0856 | 7305 | 7883 | 2860 | 9592 (किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली) |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 4977, 7124

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0546, 1396, 1418, 6919, 8939 (रॉयल एजन्सी - आंकली)

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1177 | 1451 | 2706 | 5887 | 6150 | 6405 | 7347 | 7808 | 8403 | 9150 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0478 | 0950 | 2705 | 3120 | 3997 | 4048 | 4281 | 7971 | 9361 | 9374 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 0670 | 1155 | 1891 | 2436 | 3600 | 4647 | 5715 | 6658 | 7820 | 9191 |
| | 0683 | 1158 | 1913 | 2600 | 3652 | 4662 | 5766 | 6803 | 8078 | 9291 |
| 0009 | 0727 | 1203 | 1958 | 2701 | 3673 | 4732 | 5781 | 6868 | 8151 | 9392 |
| 0010 | 0803 | 1230 | 1984 | 2977 | 3681 | 5000 | 5810 | 6891 | 8166 | 9430 |
| 0031 | 0910 | 1276 | 2070 | 3035 | 3876 | 5244 | 5980 | 6956 | 8280 | 9436 |
| 0062 | 0913 | 1280 | 2113 | 3039 | 3924 | 5266 | 6016 | 7073 | 8400 | 9452 |
| 0093 | 0924 | 1348 | 2124 | 3153 | 3960 | 5295 | 6027 | 7207 | 8407 | 9528 |
| 0101 | 0939 | 1351 | 2129 | 3164 | 4032 | 5299 | 6034 | 7223 | 8458 | 9549 |
| 0105 | 0970 | 1385 | 2133 | 3223 | 4125 | 5308 | 6056 | 7377 | 8630 | 9626 |
| 0283 | 0974 | 1454 | 2176 | 3231 | 4153 | 5320 | 6073 | 7388 | 8749 | 9746 |
| 0375 | 1021 | 1501 | 2195 | 3232 | 4234 | 5406 | 6269 | 7421 | 8762 | 9776 |
| 0382 | 1115 | 1511 | 2213 | 3293 | 4367 | 5423 | 6326 | 7524 | 8816 | 9818 |
| 0387 | 1125 | 1566 | 2228 | 3309 | 4378 | 5470 | 6332 | 7581 | 8838 | 9889 |
| 0463 | 1126 | 1613 | 2230 | 3340 | 4413 | 5509 | 6336 | 7615 | 8850 | 9907 |
| 0467 | 1129 | 1736 | 2238 | 3375 | 4494 | 5530 | 6511 | 7637 | 8898 | 9929 |
| 0501 | 1138 | 1774 | 2324 | 3381 | 4499 | 5565 | 6569 | 7720 | 8913 | 9934 |
| 0543 | 1139 | 1816 | 2346 | 3388 | 4585 | 5570 | 6610 | 7729 | 8958 | 9939 |
| 0551 | 1142 | 1823 | 2368 | 3489 | 4603 | 5581 | 6650 | 7772 | 9021 | 9958 |
| 0565 | 1147 | 1864 | 2410 | 3497 | 4614 | 5646 | 6656 | 7795 | 9109 | 9996 |

महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 29/03/2025
पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे) • प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख • दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख • ₹200/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी सोडत दिनांक 05/03/2025 • छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

## सुविचार

रमजान हमें सिखाता है कि हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हमारा संयम और आत्म-नियंत्रण है।

## संपादकीय

# अनिवार्य है यह आजादी

❍ सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में जो कहा, वह अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है। इनमें से एक मामला कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से जुड़ा था। उनकी एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें।

## हस्तरेखा

# हथेली में छुपा है आपकी लंबी उम्र का राज

❒ जीवन में हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी उम्र लंबी हो और उसे जीवन में सारे सुख-साधन प्राप्त करके पूरी उम्र जीकर ही इस संसार से विदा ले लेकिन हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली में उम्र की रेखा यानी लाइफ लाइन लंबी होती है, वे न केवल लंबी उम्र जीते हैं बल्कि जीवन में तरक्की भी करते हैं। आइए, विस्तार से जानते हैं कि हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार आपकी हथेली में कहां होती है उम्र की रेखा और क्या होता है इसका मतलब हथेली में जीवन रेखा, तर्जनी और अंगूठे के बीच से शुरू होकर कलाई तक जाती है। जीवन रेखा, जिसे लाइफ लाइन भी कहते हैं.

यह रेखा व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन के बारे में बताती है। साफ और गहरी रेखा अच्छी सेहत का संकेत है। इस रेखा पर त्रिभुज का निशान शुभ माना जाता है। अंगूठे के निचले हिस्से को घेरे हुए होती है। स्पष्ट और गहरी जीवन रेखा वाले लोग स्वस्थ और लंबा जीवन जीते हैं। इसके अलावा इस रेखा पर त्रिभुज बनना शुभ माना जाता है। आपकी हथेली पर अगर जीवन रेखा टूटी-फूटी होती है, तो इसका मतलब यह है कि आपको लंबी उम्र जीने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। इसका अर्थ यह है कि आप जीवन में किसी न किसी रोग का शिकार हो सकते हैं। साथ ही आपकी तबियत बार-बार खराब होती रहती है। हथेली की रेखाएं अगर गहरी और स्पष्ट होती हैं, तो यह इस बात का इशारा है कि आपकी उम्र बहुत ही लंबी होगी और आप बहुत ही स्वस्थ जीवन जिएंगे। हथेली में इस तरह की रेखाएं होने से व्यक्ति बहुत ही खुशहाल जीवन जीता है और बहुत कम बीमार पड़ता है। किसी व्यक्ति की जीवन रेखा दो भागों में बंटी हो, तो इसका मतलब है कि उसकी मृत्यु अपने पैतृक घर से बहुत दूर होकर होगी। यह संकेत कलाई के पास जीवन रेखा के अंतिम हिस्से में दो भागों में बंटने से मिलता है। ऐसे लोग अपनी जीवन के अंतिम समय में घर से दूर होते हैं।

## वस्तुशास्त्र

# घर में सकारात्मक ऊर्जा के लिए फेंगशुई के सरल उपाय

❒ जिस प्रकार वास्तु शास्त्र में घर, दिशा, भवन व मंदिर निर्माण के नियमों का उल्लेख है, ठीक वैसे ही फेंगशुई में अपने आसपास के वातावरण को संतुलित बनाए रखने के सुझावों का वर्णन है। इसे चीनी वास्तुशास्त्र के नाम से भी जाना जाता है। कहते हैं कि फेंगशुई में उल्लेखित नियमों का पालन करने पर व्यक्ति के घर परिवार में खुशियों का माहौल व जीवन में सकारात्मकता का वास होता है। इस दौरान फेंगशुई के कुछ खास उपाय करना और भी कल्याणकारी माना गया है। बता दें, घर में कुछ चीजों का रखरखाव यदि फेंगशुई के मुताबिक किया जाए, तो परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद समाप्त होते हैं, इतना ही नहीं सभी के जीवन में तरक्की के योग का भी निर्माण होता है। फेंगशुई के अनुसार घर के दक्षिण-पूर्व या उत्तर-पश्चिम दिशा में लाफिंग बुद्धा रखने से परिवार में खुशियां बनी रहती हैं। बता दें लाफिंग बुद्धा सुख-समृद्धि का प्रतीक है, इसलिए इसे रखने पर घर से सभी नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। घर में बांस का पौधा रखना बेहद शुभ माना जाता है। इसे फेंगशुई के अनुसार रखने पर परिवार के सभी सदस्यों का भाग्योदय हो सकता है। फेंगशुई के मुताबिक आप बांस का पौधा घर के उस स्थान पर रखें, जहां सभी एक साथ बैठते हों। शुरुआत से ही घरों में मनी प्लांट को रखना लाभकारी माना गया है। यह धन और सुख-समृद्धि का प्रतीक होता है।




डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर




## पवित्र महीना 'माहे रमज़ान' विशेष

# पवित्र कुरआन आज भी संरक्षित है, इससे ज़िंदगी बदल सकती है



हम जानते हैं कि पवित्र कुरआन की हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी अल्लाह तआला ने स्वयं ली हुई है। लेकिन ईमान वालो अर्थात आस्थावान लोगों को सुरक्षा का ज़रिया बनाया है। अगर यह ज़िम्मेदारी ईमान वालो को नहीं दी जाती तो ईमान वाले उसे छोड़ बैठते। इसलिए मुसलमानों की ज़िम्मेदारी बनती है कि वे इसे रोज़ पढ़ें , उसकी तिलावत करें, उसे ख़ुद भी याद करें और अपने बच्चों को भी याद करवाएं , विशेष रूप से रमज़ानुल मुबारक के महीने में पवित्र कुरआन की तिलावत और उसे याद करने का आयोजन करना चाहिए। पांचों समय की दैनिक नमाज़ों में क़िरअत (पवित्र कुरआन) के शुद्ध उच्चारण के साथ पवित्र कुरआन को पढ़ना चाहिए। इसके अलावा ज़िंदगी के हर मौक़े पर इसे पढ़ते रहना चाहिए। इसे समझने के लिए विद्वानों की व्याख्याओं का अध्ययन भी करते रहना चाहिए। एक "क़ारी" की तरह इसे खूबसूरत आवाज़ में पढ़ने का अभ्यास करना चाहिए और अपने सीनों में सुरक्षित करने की कोशिश करना चाहिए। पवित्र कुरआन ऐसा ईश्वरीय ग्रन्थ है कि उसे संपूर्ण कंठस्थ करने वाले (हाफ़िज़) बहुतायत में पाए जाते हैं। रमज़ानुल मुबारक के दौरान यही हाफ़िज़ तरावीह की नमाज़ में मौखिक रूप से पवित्र कुरआन का पाठ करते हैं। इस अवसर पर देखा जाता है कि यदि हाफ़िज़ इमाम से पवित्र कुरआन पढ़ने में ज़रा सी भी ग़लती हो जाती है तो दूसरा हाफ़िज़े कुरआन उसे लुक़्मा देता है और इमाम तुरंत अपनी ग़लती सुधार लेता है। इस प्रकार पूरी नमाज़ में सेहत या बिना ग़लती के साथ पवित्र कुरआन की तिलावत और पठन जारी रहता है।

जहां तक इसके कंठस्थ रहने की बात है तो हर युग में विद्वानों के विशाल समूह ने पवित्र कुरआन की शिक्षाओं और उसके लुप्त न होने वाले अविनाशी चमत्कारों की रक्षा की है। कहीं बहुत अधिक पैमाने पर कातिबों (शास्त्रियों) ने लिपी स्क्रिप्ट लिखी, क़ारियों ने पवित्र कुरआन को बेहतरीन अंदाज़ में पढ़ा, हाफ़िज़ साहेबान ने तो पवित्र कुरआन के शब्दों और वाक्यांशों की ऐसी रक्षा की कि उसके अवतरित इल्हाम से लेकर आज तक ज़ेर ज़बर बदला न जा सका। फिर किसी ने पवित्र कुरआन के "छंद" गिनाए, किसी ने "रुकू - धनुष" गिने, किसी ने, अक्षरों की संख्या बताई, यहां तक कि कुछ ने तो उसके बिंदुओं और मात्राओं तक को गिन डाला। पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की धन्य वाचा (समय मुबारक) से आज तक कोई क्षण ऐसा नहीं बताया जा सकता जिसमें हज़ारों-लाखों की संख्या में पवित्र कुरआन के हाफ़िज़ कंठस्थ और संरक्षक मौजूद नहीं रही हो। आज भी पवित्र कुरआन की सूरह, आयतों और शब्दों को बदलने की कोशिश की जाती है ताकि मुस्लिम समुदाय गुमराह हो जाए। पवित्र कुरआन के इंटरनेट पर अपलोड संस्करणों में गए हैं में मनगढ़ंत सूरह और छंदों के संबंध में बताया जाता है जिनके बारे में ज़ाहिरी तौर पर ऐसा बताया जाता है है कि ये पवित्र कुरआन की सूरह होंगी लेकिन वास्तव में यह पवित्र कुरआन को विकृत करने का घृणित कृत्य दिखाई देता है ऐसी नापाक कोशिशें कभी भी सफल नहीं हो सकतीं कै अल्हम्दुलिल्लाह पवित्र कुरआन आज भी अपने पूर्ण और संरक्षित रूप में मुस्लिम समुदाय के घरों और हाफ़िज़ के दिलों में मौजूद है। दूसरी ओर इसका मुख्य कारण विशेष कर यह है कि पवित्र कुरआन की रक्षा की ज़िम्मेदारी अल्लाह तआला ने स्वयं ली है। हालांकि यह प्रत्येक ईमान वाले पुरुष और महिलाओं की ज़िम्मेदारी बनती है कि वे पवित्र कुरआन की रक्षा कर अपने ईमान का सबूत दें ।पवित्र कुरआन रमज़ानुल मुबारक में अवतरित हुआ। मुस्लिम समुदाय के लिए यह तरक्की की किताब है और रमज़ानुल मुबारक भी उनकी रुहानी तरक्की का मौसम है। जब पवित्र कुरआन की तिलावत की जाती है तब रमज़ान और रोज़े वाली आयतें आती हैं तो ऐसा लगता है कि हक़ीक़त में रमज़ान आ गया हो और इसके साथ ही नेकियों की बहार आ गयी हो। उन पाँच आयतों में एक माह का पूरा समां बंध जाता है। रोज़े, मिसकीनों को सदक़े, तक़वा की पाकीज़ा फ़िज़ा, पवित्र कुरआन से ताल्लुक़, हिदायत पाने का शौक़, रौशन निशानियों की समझ, हक़ की कसौटी से आगाही, अल्लाह की महानता के चर्चे, अल्लाह की नेमतों पर शुक्र के तराने, रब से क़रीब हो जाने की जुस्तजू और आख़िर में मस्जिद में ऐतिकाफ़ की ईमान अफ़रोज़ कैफ़ियत पैदा हो जाती है। इसके साथ ही अल्लाह की अपने बंदों पर मेहरबानी व कृपा के रूह को सुकून देने वाले नज़ारे भी दिल-व-निगाह को सुकून व तसल्ली अता करते हैं। बीमार को राहत, मुसाफ़िर को



रुखसत, यह ईमान अफ़रोज़ ऐलान कि अल्लाह को बंदों के लिए आसानी पसंद है, कठिनाई पसंद नहीं है, रात में खाने-पीने की तरफ़ तवज्जो, मानवीय प्रकृति के मद्देनज़र पूरी-पूरी रियायत, ऐसा लगता है कि जितने आदेश हैं उतनी ही रियायतें, सुविधाएं और राहतें दिखाई देती हैं। जैसे कि सारे ही आदेश अपनी रियायतों और रुखसतों के साथ नाज़िल हुए हैं। बंदों की तलब से पहले आदेश और रुखसतों के दरम्यान ज़रा भी तकलीफ़ और कठिनाई वाला वक़्त नहीं हुआ ।कितना और कैसा मेहरबान है हमारा रब! जो कि हमें बेहतरीन और अनमोल अहकाम से नवाज़ता है। कैसा और कितना मेहरबान है हमारा रब! जब वह हमें सुविधाओं के राहत पहुंचाने वाले तोहफ़े अता करता है। रमज़ान का महीना अल्लाह की रहमत की ज़बरदस्त निशानी है। और पवित्र कुरआन अल्लाह की रहमत का बहुत ही आला नमूना है। रमज़ान का महीना खुद ही बहुत महत्वपूर्ण महीना है और पवित्र कुरआन से मिल कर तो उसकी अहमियत और महानता का कोई ठिकाना ही नहीं रह जाता।पवित्र कुरआन हमारी ज़िंदगी को बदल देने वाली किताब और रमज़ान ज़िंदगी को बदल देने वाला महीना है। ज़िंदगी में जो परिवर्तन पवित्र कुरआन के पेशेनज़र है, उस परिवर्तन के लिए सबसे साज़गार वातावरण रमज़ान के महीने में उपलब्ध होता है। जब भी यह महीना आता है मुस्लिम समुदाय बड़ी उत्सुकता से चांद देखकर इसमें प्रवेश (दाखिला) पाते हैं। नेक नीयत बड़ा मायने रखतती है, रोज़ेदार अपने आप को बदल लेने की नियत के साथ इबादतों में मशगूल हो जाते हैं। इन दिनों यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हम रमज़ानुल मुबारक के महीने में और पवित्र कुरआन के साए में अपने आप को पहले से बहुत अच्छा और अल्लाह की नज़र में बहुत पसंदीदा इंसान बना लेंगे। इंशा अल्लाह इस सिलसिले में अध्ययन और ग़ौर-व-फ़िक्र के बाद कुछ सुझाव आगे पेश किए जाएंगे। अल्लाह से दुआ है कि वह उन कोशिशें को सबके लिए लाभकारी बना दे, आमीन।

## ज्ञान

# क्या भारत पर होगा इसका असर?

# मार्च में 2 बार लगेगा ग्रहण

❒ वर्तमान में साल 2025 का तीसरा महीना यानी मार्च जारी है। इसे धार्मिक, ज्योतिष और वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है। बता दें इस महीने की 13 तारीख को होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 14 मार्च 2025 को होली खेली जाएगी। वहीं पंचांग के मुताबिक न्याय के देवता शनिदेव भी 29 मार्च 2025 को रात 11 बजकर 01 मिनट पर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा मार्च में सूर्य और चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहे है जिसे खगोल विज्ञान की महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। बता दें साल 2025 का पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च को लगने जा रहा है। वहीं 29 मार्च 2025 को साल का पहला सूर्य ग्रहण भी पड़ने वाला है। ऐसे में सवाल यह है कि इन दोनों ग्रहण का समय क्या है और क्या यह दोनों ग्रहण भारत में दिखाई देंगे? आपको बता दें साल का पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च 2025 को सुबह 9 बजकर 29 मिनट से दोपहर 3 बजकर 29 मिनट तक रहने वाला है। परंतु यह चंद्र ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। चंद्र ग्रहण ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के अधिकांश भाग, अफ्रीका के बड़े हिस्से, प्रशांत, अटलांटिक और आर्कटिक महासागर, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, पूर्वी एशिया तथा अंटार्कटिका में स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। साल 2025 का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च 2025 को लगने जा रहा है। यह ग्रहण चैत्र अमावस्या के दिन घटित होगा और इसकी समयावधि दोपहर 2 बजकर 21 मिनट से शाम 6 बजकर 14 मिनट तक रहेगी। लेकिन यह ग्रहण भी भारत में नहीं दिखाई देगा। यह मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, एशिया, हिंद महासागर में नजर आएगा।



## कविता

# !! परिस्थितियां !!

होली के त्यौहार में,
रंग और गुलाल के बढ़ते दामों को देखकर
भर लिया हमने पिचकारी में
रंग नहीं खून।
त्योहारों पर आजकल
मिलते हैं गले, लोग
इंसानों के नहीं हथियारों के।
रंग इतने खेले जाते हैं
कश्मीर और पंजाब में
औरतों के साथ -कि
मांगें सूनी और दुपट्टे सफेद हो जाते हैं।
टूट कर बिखर जाती है, चूडियां,
नोंक -झोंक में नहीं, देवर भाभी के-
अत्याचार से, उग्रवादियों के।

## कथा

आशीष कुमार त्रिवेदी

# खुशियों का खजाना

❒ बात तकरीबन बीस वर्ष पुरानी है। यह मोहल्ला लोअर मिडिल क्लास लोगों का था। जिनकी आमदनी छोटी किन्तु ख्वाहिशें बड़ी थीं। मोहल्ले में एक चीज़ की चर्चा बड़े ज़ोरों पर थी। 'सबरीना ट्रेडर्स' जिसका नारा था 'खुशियाँ अब आपके बजट में' सभी बस इसी विषय में बात रहे थे। सबरीना ट्रेडर्स सभी को आधी कीमत पर उनकी ज़रुरत का सामान जैसे टी .वी . फ्रिज सोफा टू -इन -वन इत्यादि दिलाने का वादा कर रहे थे। बस शर्त यह थी की सामन की 15 दिन पहले एडवांस बुकिंग करानी होगी और पूरे पैसे बुकिंग के समय ही देने होंगे। पहले तो लोग झिझक रहे थे किन्तु वर्मा जो कुछ ही दिन पूर्व मोहल्ले में रहने आया था ने पहल की और सामन की बुकिंग कराई। 15 दिन बाद उसका घर सामन से भर गया। वह औरों को अपना उदाहरण देकर सामान की बुकिंग कराने के लिए प्रेरित करने लगा। उससे प्रेरणा पाकर कुछ और लोगों ने भी हिम्मत दिखाई और उनका घर भी मनचाहे सामान से भर गया। अब तो बात जंगल की आग की तरह फ़ैल गयी। सबरीना ट्रेडर्स के दफ्तर में बुकिंग कराने वालों का तांता लग गया। दूर दूर से लोग बुकिंग कराने आने लगे। बात जमुना चाची तक भी पहुंची। वो अपनी बेटी के दहेज़ का सामन जुटा रही थीं। उन्होंने सोचा वो भी क्यों न इस अवसर का लाभ उठायें। आधी कीमत पर सामान मिलेगा तो दहेज़ बढ़ जाएगा। दहेज़



अधिक होने से उनकी बेटी का ससुराल में सम्मान भी बढेगा। अतः वह भी जाकर बुकिंग करवा आईं। सभी 15 दिन पूरे होने की प्रतीक्षा करने लगे। कुछ लोग तो रोज़ ही हाल चाल लेने के लिए वहाँ का एक चक्कर लगा लेते थे। जमुना चाची अक्सर मन ही मन में बेटी की विदाई के दिन का चित्र बनातीं ' घर का आँगन दहेज़ सामन से भरा है और सब उनकी भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।' वो सामान की डिलीवरी लेने को उतावली हो जाती थीं। रविवार था। अतः सभी इत्मीनान से काम कर रहे थे। कुछ लोग रोज़ की तरह टहलते हुए सबरीना ट्रेडर्स के दफ्तर पहुँच गए। वहां तो मामला ही अलग था।

## कहानी

# बुझते दीये

❒ एक सफ़ेद रंग की अम्बेसडर गाडी पंजाब की पक्की सड़कों से होती हुई. कच्ची सड़क पर आ जाती है। कच्ची सड़क की धूल मिट्टी गाड़ी के शीशों तक उड़ने लगती हैं। ड्राईवर सीट के पास खुली हुई खिड़की से कुछ धूल गाड़ी के अंदर जाने लगती है जिससे पिछली सीट पर बैठी माँ बेटी और बेटे युवराज को खांसी आ जाती है और आगे की सीट पर बैठे सफ़ेद पैंट शर्ट वाला आदमी ड्राईवर को गाड़ी का शीशा चढाने को कहता है। ड्राईवर गाड़ी का शीशा चढ़ाते हुए शीशे के उस पर से दिख रहे गाँव के लोगों को देखता है जिनमें कुछ बच्चे कुछ बूढ़े कुछ जवान हैं। शीशा चढाने के बाद ड्राईवर गाड़ी की स्पीड बढ़ा देता है। गाँव के बच्चे गाड़ी के पीछे दौड़ने लग जाते हैं, गाड़ी गाँव की एक गली में आकर रूकती है। गाड़ी से एक महिला एक लड़का और एक लड़की और सफ़ेद पैंट शर्ट वाला आदमी उतरकर गली में पैदल चलने लगता है। गाँव के कुछ बच्चे उनके पीछे पीछे चल देते हैं कुछ आगे दौड़ जाते हैं। गगन जो अपने घर के आँगन में लगी चारा काटने की मशीन पर अपने मजदूर से चारा कटवा रहा होता है उसको गाँव के बच्चे बताते हैं कि गगन का बड़ा भाई जसपाल अपने परिवार के साथ आ रहा है ।ये बात सुन टूटी खाट पर बैठे हुक्का गुड़गुड़ाते अधेड़ उम्र के बल्ली काका खुश हो जाते हैं कि उनका बेटा शहर से आया है लेकिन कुछ सोच वो अपनी ख़ुशी ज़ाहिर नहीं करते। रसोई में खाना पकाती गगन की पत्नी कमलिंदर और दो बेटियाँ किरण और काजल तीनों बात करती हैं। कमलिंदर कहती है कि "लो आ गये माँ बाप को देखने के नाम पर अनाज लेने. कहेंगे माँ की याद आ रही थी तो सोचा गाँव घूम आयें, दो दिन में ही चलते बनेंगे और फिर 6 महीने , साल भर मुंह नहीं दिखायेंगे" कमलिंदर की बात उसकी बूढ़ी सास सुन लेती है और उस पर चिल्लाने लगती है कि उसका बड़ा बेटा बहुत अच्छा है इस बार ज़रूर वो उसको और उसके पति को अपने साथ लेकर जायेगा और उसकी आँखों का इलाज कराएगा पति के पैरों के गठिया का इलाज कराएगा। बूढ़ी अपनी बात जारी रखते हुए अपने कपडे ठीक करती है हाथों से बाल ठीक करती है. रसोई के पास लगे नल के पास जाकर हाथों से टटोलते हुए बाल्टी से पानी लेकर हाथ मुंह धोती है ...बूढ़ी का बोलना अभी भी जारी रहता है उसे देख माँ बेटियाँ मुंह बिचकाती हैं। तभी जसपाल अपने परिवार के साथ आ जाता है।


# हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

> कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

❒ यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.



पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी



# लेजर और आयुर्वेद उपचार बन रहे हैं मूलव्याध के कारगर समाधान

**नागपुर.** बदलती जीवनशैली और गलत खानपान के कारण मूलव्याध (पाइल्स) जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। लंबे समय तक बैठे रहने, भारी वजन उठाने, और फाइबर की कमी के कारण यह समस्या आम हो गई है। हालांकि, आधुनिक लेजर तकनीक और आयुर्वेदिक उपचार से मरीजों को इस दर्दनाक बीमारी से राहत मिल रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, लेजर उपचार पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक प्रभावी और दर्द रहित है। इस प्रक्रिया में लेजर किरणों की मदद से गुदा क्षेत्र की सूजी हुई नसों को जलाकर बंद कर दिया जाता है, जिससे रक्तस्राव और दर्द कम होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर मूलव्याध शुरुआती स्तर पर है तो आयुर्वेदिक उपचार अपनाया जा सकता है, लेकिन यदि समस्या गंभीर हो चुकी है तो लेजर तकनीक सबसे अच्छा विकल्प है। डॉक्टरों का कहना है कि मूलव्याध की गंभीर अवस्था में लेजर तकनीक सबसे सुरक्षित और तेज इलाज है। हालांकि, इलाज के बाद मरीजों को फाइबर युक्त आहार और पानी की पर्याप्त मात्रा लेने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेदिक चिकित्सा भी मूलव्याध के उपचार में कारगर साबित हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, त्रिफला चूर्ण, अर्जुन की छाल, और एलोवेरा जैसी प्राकृतिक औषधियां पाचन सुधारकर और सूजन कम करके इस बीमारी को जड़ से ठीक करने में मदद करती हैं।

❒ आयुर्वेदिक उपचार के प्रमुख तरीके: त्रिफला चूर्ण- पाचन सही करता है, कब्ज दूर करता है। अर्जुन की छाल का पानी- रक्तस्राव रोकने में मदद करता है। एलोवेरा जेल -सूजन और जलन को कम करता है। पंचकर्म थेरेपी- गंभीर मामलों में क्षारसूत्र चिकित्सा और भस्ति उपचार कारगर साबित हो रहे हैं।

लेजर ट्रीटमेंट के फायदे: > सिर्फ 30 मिनट में उपचार पूरा > दर्द और रक्तस्राव बेहद कम > 2-3 दिनों में सामान्य जीवन शुरू कर सकते हैं > सिलाई (टांके) नहीं लगते, जिससे जल्दी ठीक होता है.

**स्वस्थ जीवनशैली से मूलव्याध से बचाव संभव**

डॉक्टरों का कहना है कि यदि खान-पान और जीवनशैली में सही बदलाव किए जाएं, तो मूलव्याध को रोका जा सकता है। इसके लिए फाइबर युक्त आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त पानी का सेवन बेहद जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 9970743318.

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी युवा मंच द्वारा आयोजित शिविर में लेजर व आयुर्वेद उपचार हेतु महिला दिवस के अवसर पर 5 से 30 मार्च तक 50% छूट

**अभ्युदय पाइल्स लेजर हॉस्पिटल**



डॉ. प्रवीण एन. सहावे एम.एस. (शल्य)
डॉ. पूजा प्र. सहाव कॉस्मेटिक लेजर महिला रोग विशेषज्ञ

महापुष्प सोसायटी, लोहार भवन के पीछे, शताब्दी चौक से मनीष नगर रोड, नागपुर.

समय: सुबह 10 से दोपहर 2 और शाम 5.30 से रात 9.30 बजे तक

9970743318, 9270051446 www.pilesfistulacure.com

NMS


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# श्रमिकों की सुरक्षा के लिए कानूनों में संशोधन : श्रम मंत्री फुंडकर

> चंद्रपुर जिले में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए दौरा, कड़े कदम उठाए जाएंगे
> मुनगंटीवार के सुझाव पर श्रम मंत्री आकाश फुंडकर का आश्वासन

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

राज्य में कम्पनियों में बड़े पैमाने पर हो रही दुर्घटनाओं के कारण श्रमिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा, ऐसी घटनाओं में कुछ श्रमिक घायल भी हो जाते हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में श्रम विभाग के अधिकारी जाकर मामले की जांच करते हैं। निरीक्षण के बाद एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। अधिक से अधिक श्रम विभाग के माध्यम से अदालत में मामला दायर किया जा सकता है। ऐसी दुर्घटनाओं में श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रम विभाग को अधिक अधिकार दिए जाने चाहिए।

श्रम मंत्री एडवोकेट आकाश फुंडकर ने आज विधानसभा में एक महत्वपूर्ण सुझाव के जवाब में कहा कि इस उद्देश्य के लिए कानून में संशोधन किया जाएगा। श्रम मंत्री ने चंद्रपुर जिले में उद्योगों में श्रमिक सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए सत्र समाप्त होते ही चंद्रपुर जिले का दौरा करने का वादा किया।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने चंद्रपुर जिले के ताड़ाली औद्योगिक एस्टेट में धारीवाल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के एक ऑपरेटर की मौत के संबंध में एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया था। सुधीर मुनगंटीवार ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि जिले में धारीवाल और अन्य उद्योगों में सुरक्षा नियमों का पालन न करने के कारण श्रमिकों की मौत हो रही है। सुधीर मुनगंटीवार ने मांग की कि श्रम मंत्री जिले के उद्योगों में श्रमिक सुरक्षा की समीक्षा करें। इस दिलचस्प सुझाव पर चर्चा में सदस्य विधायक राजू तोड़सम, विधायक नाना पटोले और विधायक हीरामन खोसकर ने भाग लिया।



श्रम मंत्री फुंडकर ने दिलचस्प सुझाव के जवाब में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि चंद्रपुर जिले के धारीवाल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में हुई दुर्घटना में मारे गए ऑपरेटर के उत्तराधिकारियों को कारखाना प्रबंधन की ओर से 70 लाख रुपए की अनुग्रह अनुदान राशि दी गई है। कंपनी प्रबंधन ने यह भी बताया कि मृतक श्रमिक की पत्नी को रोजगार उपलब्ध कराने तथा समूह बीमा एवं ग्रेच्युटी का भुगतान यथाशीघ्र सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जाएगी। यदि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चंद्रपुर जिले में उद्योगों के संबंध में श्रमिक सुरक्षा की दृष्टि से सत्र समाप्ति के पश्चात समीक्षा की जाएगी। वर्तमान कानून में संशोधन अथवा नया कानून बनाने के संबंध में विधि एवं न्याय विभाग से मार्गदर्शन मांगा गया है। श्रम मंत्री फुंडकर ने भी कहा कि मार्गदर्शन मिलने के बाद इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगमों में प्रशासक शासन के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**चंद्रपुर.**




नगर निगमों में चल रहे प्रशासक शासन के खिलाफ 4 मार्च को कांग्रेस शहर कमेटी की ओर से कस्तूरबा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। पिछले कुछ वर्षों से स्थानीय स्वशासन निकायों को जनप्रतिनिधियों के चुनाव के बिना प्रशासकों द्वारा चलाया जा रहा है। इससे प्रशासन की कार्यकुशलता कम हो गई है और नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

कांग्रेस शहर कमेटी द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रितेश तिवारी ने किया, जबकि पूर्व विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुभाष धोटे के मार्गदर्शन में विरोध प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ नेता विनायक बांगड़े, सुभाषसिंह गौर, महिला समिति की शहर अध्यक्ष चंदा वैरागड़े, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश अड्डूर, पूर्व नगरसेवक प्रवीण पडवेकर, पूर्व नगरसेविका सुनीता लोढिया, पूर्व नगरसेवक नंदू नागरकर, पूर्व महापौर सुरेश महाकुलकर, दिनेश चौखरे, पप्पू देशमुख, मनीष तिवारी, अनुसूचित जाति गठबंधन के जिला अध्यक्ष सागर खोबरागड़े, अश्विनी खोबरागड़े, अनुश्री देहगांवकर, सकीना अंसारी, ललित रेवल्लीवार, राजेश रेवल्लीवार, प्रशांत दानव, मनोरंजन रॉय, खुशबू चौधरी, नरेंद्र बोबड़े, भालचंद्र दानव, नीलेश ठाकरे, खुशबू चौधरी, कुणाल चहारे, शिरीष गोगुलवार, राहुल चौधरी, अनिल नरूले, विजय पोहनकर, रतन शिलावार, शालिनी भगत, रामकृष्ण कोंड्रा, बापू अंसारी, शोभाताई वाघमारे, दुर्गेश कोडम, अली अमजद, राजू वासेकर, पप्पू सिद्दीकी, नवशाद शेख, जावेद शेख, दौलत चालकुरे, अजय बाल्की, अजय महादोरे, यूसुफ चाचा, गौस खान, गुंजन येर्ने आदि सहित विभिन्न मोर्चों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**विरोध आंदोलन को जन विकास सेना का समर्थन**

जन विकास सेना के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख ने प्रशासनिक निष्क्रियता की निंदा करने के लिए शहर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया।

# सभी औद्योगिक कंपनियों का सुरक्षा ऑडिट कराए : विधायक किशोर जोरगेवार

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर एक औद्योगिक जिला है और यहां बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक हैं। हालाँकि , पिछली कुछ घटनाओं को देखते हुए यह स्पष्ट है कि श्रमिकों की सुरक्षा एजेंडे में है। इसलिए विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिवेशन में मांग की है कि राज्य सरकार तत्काल इस पर संज्ञान ले और चंद्रपुर जिले की सभी औद्योगिक कंपनियों का सुरक्षा ऑडिट कराएं ।

मुंबई में चल रहे बजट सत्र के तीसरे दिन विधायक किशोर जोरगेवार ने सदन का ध्यान चंद्रपुर में ठेका श्रमिकों की सुरक्षा की ओर आकर्षित किया। सदन में बोलते हुए उन्होंने यहां पूर्णकालिक श्रम आयुक्त की नियुक्ति की भी मांग की ।

धारीवाल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में करनधर शेलके नामक कामगार की मृत्यु हो गई। इस घटना से क्षेत्र में काफी हलचल मच गई है और श्रमिक सुरक्षा का मुद्दा फिर से सामने आ गया है। विधायक किशोर जोरगेवार ने विधानसभा क्षेत्र में दुर्घटना पर चिंता व्यक्त की और श्रमिकों की सुरक्षा के लिए तत्काल ठोस उपाय करने की मांग की। चंद्रपुर महाराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक जिला है , जो इस्पात , सीमेंट, कागज, बिजली, कोयला उद्योगों का घर है। इन उद्योगों में बड़ी संख्या में श्रमिक अनुबंध के आधार पर काम करते हैं। हालाँकि , कई स्थानों पर, अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के कारण श्रमिकों को जोखिम उठाकर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। धारीवाल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में हुई घटना ने श्रमिक सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।




कार्यस्थल पर उचित सुरक्षा उपायों के अभाव के कारण कई श्रमिक दुर्घटनाओं का सामना कर रहे हैं। ठेका श्रमिकों में नौकरी की सुरक्षा की कमी के कारण असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है।

विधायक किशोर जोरगेवार ने इस गंभीर समस्या की गंभीरता को समझते हुए विधानसभा में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम लागू करना तथा उनके हितों की रक्षा के लिए सख्त उपाय लागू करना आवश्यक है। उन्होंने सदन में मांग की है कि चंद्रपुर में पूर्णकालिक श्रम आयुक्त की नियुक्ति की जाए तथा सभी औद्योगिक कंपनियों का सुरक्षा ऑडिट कराकर आवश्यक सावधानियां बरती जाएं।

# वेकोलि से किसानों को मुआवजा मिले : मुनगंटीवार

> शासन स्तर पर नीति बनाई जानी चाहिए
> विधायक सुधीर मुनगंटीवार की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग
> फसल क्षति के कारण किसान वित्तीय संकट में

**चंद्रपुर.**

यवतमाल जिले के वणी तालुका में वेकोलि से कोयला परिवहन के कारण होने वाले प्रदूषण से किसानों की फसलों को व्यापक नुकसान हो रहा है। इस संदर्भ में राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्य पालन मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने मांग की है कि शासन स्तर पर ठोस नीति बनाई जाए, ताकि वेकोलि से किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर किसानों को वित्तीय संकट से बाहर निकलने की अपील की.



वेकोलि के दो प्रमुख प्रभाग हैं, वणी उत्तर और वणी क्षेत्र वणी तालुका में आते है. इन खंडों के कारण क्षेत्र में बड़ी मात्रा में कोयला धूल प्रदूषण होता है। इससे किसानों की फसलों को भारी मात्रा में नुकसान होता है। परिणामस्वरूप, उन्हें भारी वित्तीय नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने वेकोलि प्राधिकारियों के साथ समन्वय करके एनडीआरएफ की भूमि पर 13,500 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अस्थायी मुआवजा देने का निर्णय लिया। हालांकि, चूंकि यह मुद्दा भविष्य में भी जारी रहेगा, इसलिए वेकोलि उत्पादन के आधार पर मुआवजे की एक निश्चित नीति आवश्यक है, ऐसा विधायक मुनगंटीवार ने पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया है।

संभागीय आयुक्त की ओर से सरकार को प्रस्ताव.

अमरावती के संभागीय आयुक्त ने नीति तैयार करने के लिए 13 जनवरी 2024 को सरकार को प्रस्ताव भेजा है। इस सम्बन्ध में संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक समिति गठित कर शासन स्तर पर बैठक आयोजित करने की आवश्यकता है। यह भी अनुरोध किया गया है कि कृषि उपज के वास्तविक आधार मूल्य के आधार पर मुआवजा नीति निर्धारित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# मुख कैंसर के मामलों में वृद्धि, विशेष टास्क फोर्स का गठन

> तंबाकू के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्य बल का गठन

**चंद्रपुर.**

तंबाकू सेवन के खिलाफ एक निर्णायक कदम उठाते हुए जिला प्रशासन ने कड़े नियम लागू करने और अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है।

यह निर्णय मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक जॉनसन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक के दौरान लिया गया।



तंबाकू से संबंधित बीमारियों, खास तौर पर मुंह के कैंसर से संबंधित आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल चंद्रपुर शहर में ही मुंह के कैंसर के 30 मामले दर्ज किए गए, जो 30 साल से ऊपर और नीचे की उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ती संख्या से चिंतित अधिकारियों ने व्यापक जन जागरूकता अभियान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। शहर भर में प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाए जाएंगे ताकि नागरिकों को तम्बाकू के सेवन के जानलेवा परिणामों के बारे में शिक्षित किया जा सके।

प्रवर्तन को तीव्र करने के लिए, विशेष कार्य बल अनधिकृत तम्बाकू बिक्री के खिलाफ तत्काल अभियान चलाएगा, विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के भीतर। सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 का उल्लंघन करने वाले स्कूलों और कॉलेजों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, साथ ही अवैध तंबाकू स्टॉल जब्त किए जाएंगे। उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन को शामिल करते हुए एक संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 2024-25 में 8,678 नागरिकों को जिला, उप-जिला और ग्रामीण अस्पतालों में स्थापित तंबाकू निषेध केंद्रों पर परामर्श मिला। इसके अतिरिक्त, 232 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। एक मजबूत प्रवर्तन अभियान में, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 697 अपराधियों से 69,977 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि पुलिस विभाग ने 617 मामलों में 1,24,000 रुपये का जुर्माना लगाया। FDA ने छह मामलों में 4.81 लाख रुपये मूल्य के 330 किलोग्राम से अधिक अवैध तंबाकू उत्पाद जब्त किए।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने तंबाकू सेवन से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को उजागर करने वाले आंकड़ों की भी समीक्षा की। यह खुलासा कि केवल एक वर्ष में 30 मौखिक कैंसर के मामले पाए गए, ने तीव्र कार्रवाई की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिससे पूरे जिले में तंबाकू सेवन को रोकने के लिए नए सिरे से प्रयास किए जाने लगे।

# सांसद धानोरकर की कैंसर से पीड़ित एक महिला को मदद

**चंद्रपुर.**

सांसद प्रतिभा धानोरकर को अपने लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की सहायता के लिए आगे आते देखा है। हाल ही में सांसद प्रतिभा धानोरकर ने उनके माध्यम से एक कैंसर पीड़ित महिला के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की।

सामाजिक रूप से जागरूक जनप्रतिनिधि के रूप में जानी जाने वाली सांसद प्रतिभा धानोरकर को कई ऐसे अवसरों का सामना करना पड़ा है, जब उन्हें नागरिकों की दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों में हस्तक्षेप करना पड़ा है। सभी क्षेत्रों में नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर रहने वाली सांसद प्रतिभा धानोरकर ने बल्लारपुर तालुका के नांदगांव की एक कैंसर पीड़ित महिला को इलाज के लिए प्रधानमंत्री सहायता कोष से 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री सहायता प्रकोष्ठ के अधिकारियों से संपर्क कर इस महिला के लिए तत्काल मदद का अनुरोध किया था। उक्त महिला के इलाज के लिए 3 लाख रुपए प्राप्त हो गए हैं, जिनसे उक्त महिला का इलाज कराया जाएगा। महिला के परिवार ने सांसद प्रतिभा धानोरकर का आभार व्यक्त किया है।





# सिकंदर के पहले गाने 'जोहरा जबीं' ने बना डाला रिकॉर्ड



बॉलीवुड स्टार सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का पहला गाना 'जोहरा जबीन' रिलीज हो गया है। इसमें सलमान खान और रश्मिका मंदाना की केमिस्ट्री लोगों को पसंद आ रही है। इसने यूट्यूब पर खास रिकॉर्ड बनाया है।

सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' इस महीने की 28 तारीख को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इससे पहले इसके फर्स्ट सॉन्ग ने तहलका मचा दिया है। रिलीज के 12 घंटे के भीतर 13 लाख से ज्यादा व्यूज हासिल कर इस गाने ने सुपरहिट का टैग पा लिया। अभी तक इस गाने को 13 करोड़ से अधिक व्यूज मिल गए हैं।

इस गाने में सलमान खान का दमदार डांस और रश्मिका मंदाना की अदाएं फैंस को पसंद आ रही हैं। गाने की शानदार कोरियोग्राफी और भव्य सेट इसकी यूएसपी बन गए हैं। प्रीतम का म्यूजिक, नक्श अजीज और देव नेगी की आवाज ने गाने में चार चांद लगा दिए।'सिकंदर' के टीजर में पहले ही सलमान खान के जबरदस्त एक्शन की झलक देखने को मिली थी, अब फिल्म का रोमांटिक एंगल भी सामने आ गया है। 'जोहरा जबीन' के जबरदस्त बीट्स और सलमान खान के डांस मूव्स इसे एक परफेक्ट पार्टी सॉन्ग बनाते हैं।

'सिकंदर' के टीजर और गाने के बाद फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट है। लंबे समय बाद सलमान खान को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उनके फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'सिकंदर' ईद 2025 पर होगी रिलीज इस फिल्म का निर्देशन ए. आर. मुरुगादॉस ने किया है और इसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## अभिषेक पर लगे आरोप

बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपने बेटे अभिषेक बच्चन के काम की सराहना करते हैं। इस बार उनके बेटे पर लोगों ने कुछ आरोप लगाए तो खुद बिग बी बेटे के समर्थन में खड़े हो गए। दरअसल, अक्सर अभिषेक बच्चन पर नेपोटिज्म का आरोप लगता रहता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, तो एक यूजर ने अभिषेक बच्चन के सपोर्ट में ट्वीट किया। इस पर बिग बी का रिएक्शन अब तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

एक फिल्मी साइट ने (ट्विटर) पर पोस्ट किया-"अभिषेक बच्चन बेवजह नेपोटिज्म नेगेटिविटी के शिकार हो रहे हैं। अगर आप उनकी फिल्मोग्राफी देखेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। अमिताभ बच्चन ने इस पोस्ट को रीट्वीट करते हुए लिखा-"मैं भी ऐसा ही फील करता हूं. और सिर्फ इसलिए नहीं कि मैं उनका पिता हूं।"

अमिताभ बच्चन के ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर अभिषेक बच्चन की जमकर तारीफ हो रही है। एक यूजर ने लिखा अभिषेक बॉलीवुड के सबसे हैंडसम और टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं।"

# जानवर प्यार के हकदार होते हैं...

## पीएम मोदी के वनतारा दौरे पर बोले शाहरुख




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के जामनगर में मौजूद अनंत अंबानी के वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर 'वनतारा' का उद्घाटन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने 3500 एकड़ में फैले इस रेस्क्यू सेंटर का दौरा भी किया. अब पीएम मोदी के इस दौरे के बाद शाहरुख खान ने भी वनतारा में कैसे जानवरों का खयाल रखा जाता है, इस बारे में बात की है.

शाहरुख खान ने पीएम मोदी के एक एक्स ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा,"जानवर प्यार के हकदार होते हैं. उनकी सुरक्षा करने और खयाल रखने की जरूरत है. उनकी और इस ग्रह की सेहत के लिए. नरेंद्र मोदी की वहां मौजूदगी,ये दिखाती है कि ये कितना जरूरी है. किसी इंसान का दिल कितना पवित्र है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वो जानवरों से कितना प्रेम करता है. वनतारा और अनंत की ओर से बदकिस्मत जानवरों को अभयारण्य उपलब्ध करवाना इस बात की गवाही देता है. ऐसे ही करते रहो बेटा.

पीएम मोदी ने वनतारा दौरे की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, "मैंने वनतारा में एक ऐसा हाथी देखा था, जो एसिड अटैक का शिकार हुआ था. उस हाथी का बेहतरीन इलाज किया गया था. वहाँ और भी हाथी थे, जिन्हें अंधा कर दिया गया था और विडंबना ये है कि ऐसा उनके महावत ने किया था.पीएम ने एक और हाथी के बारे में भी बताया, जो सड़क हादसे का शिकार हो गया था. उन्होंने आगे लिखा,"एक और हाथी था, जिसे एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया था. ये बड़े सवाल खड़े करता है. कैसे लोग इतने लापरवाह और बेदर्द हो सकते हैं? चलिए हम सब इस गैरजिम्मेदारी का अंत करते हैं और जानवरों के प्रति उदारता पर फोकस करते हैं.

# कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार



कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री से चौंकाने वाली खबर सामने आई है. एक्ट्रेस रान्या राव को हाल ही में दुबई से 12 करोड़ रुपये का 14.8 किलोग्राम सोना तस्करी करने के आरोप में बेंगलुरु हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया. इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद एक्ट्रेस को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. वहीं इसके बाद एक्ट्रेस के पिता भी चर्चा में आ गए हैं. ऐसे इसलिए क्योंकि रान्या के पिता रामचंद्र राव कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं. वो डीजीपी रैंक के अधिकारी हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राजस्व खुफिया निदेशालय ने एक गुप्त सूचना मिलने पर ये कार्रवाई की. उन्होंने दुबई से अमीरात की उड़ान से आने के बाद रान्या राव को गिरफ्तार कर लिया. सोमवार रात को गिरफ्तारी के बाद राव को एक आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. वहीं कहा जा रहा है कि रान्या के पिता डीजीपी रामचंद्र राव ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया है.

डीआरआई अधिकारियों के अनुसार, रान्या बार-बार दुबई जाने और आने के कारण निगरानी में थीं. अधिकारियों ने पाया कि वो 15 दिनों के भीतर चार बार दुबई गई थीं जिससे अवैध गतिविधियों का संदेह पैदा हुआ था. ऐसे में इस भारत लौटने पर उनकी तलाशी हुई और फिर सोना मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया. तलाशी के दौरान पाया गया कि उन्होंने काफी मात्रा में सोना पहना हुआ था और कुछ सोने की छड़ें अपने कपड़ों में छिपाई थीं.

कर्नाटक के चिकमंगलूर में जन्मीं रान्या कन्नड़ सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं. उन्होंने 2014 में आई फिल्म माणिक्य के जरिए एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था. इसके बाद वो तमिल फिल्म वाघा, पटाखी और मांझा में नजर आईं.

# अनुपम खेर स्टारर 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर आउट




आईवीएफ और प्रजनन संबंधी संवेदनशील मुद्दों पर आज भी लोग बहुत कम बात-चीत करते हैं। समाज को एक आइना और जागरूकता बढ़ने के लिए अदा शर्मा और अनुपम खेर स्टारर "तुमको मेरी कसम" का धमाकेदार ट्रेलर फिल्म मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। दिलचस्प ट्रेलर में अदा शर्मा और अनुपम खेर को आईवीएफ और प्रजनन संबंधी संवेदनशील मुद्दों पर लड़ाई लड़ते दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी दमदार और यूनिक दिखाई पड़ रही है। जो समाज के ताने-बाने को उजागर करती है।

साथ ही यह फिल्म प्रजनन संबंधी समस्याओं से निपटने के दौरान जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों और सामाजिक कलंक पर प्रकाश डालती है, जो प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी बाधाओं और गलत धारणाओं को तोड़ने का लक्ष्य रखती है।

सच्ची घटना से प्रेरित है फिल्म

दो मिनट और 51 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत अनुपम खेर से होती है। ड्रामा तब शुरू होता है जब उन पर हत्या के आरोप लगते हैं और वे अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए कितनी मुश्किलों का सामना करते हैं। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, अदा शर्मा का किरदार अपने पति (इश्काक) के आईवीएफ क्लिनिक शुरू करने के सपने के साथ खड़ा होता है, साथ ही साथ सामाजिक निर्णय से भी जूझता है। फिल्म में ईशा देओल भी अहम भूमिका में हैं।

प्रसिद्ध इंदिरा आईवीएफ चेन के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित यह फिल्म प्रजनन की चुनौतियों और इसके इर्द-गिर्द कलंक को दर्शाती है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा, "तुमको मेरी कसम एक सच्ची कहानी है और मुझे इंदिरा का किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है। अजय मुर्डिया और उनके परिवार की आंखों में आंसू देखकर मुझे लगता है कि हमने अच्छा काम किया है। मुझे बहुत खुशी है कि लोगों को इश्काक और मेरे बीच की केमिस्ट्री पसंद आई। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे हर बार अलग-अलग किरदार निभाने पर दर्शकों से इतना प्यार मिलता है। अलग-अलग किरदारों में दर्शकों की स्वीकृति की बदौलत मैं अलग-अलग किरदार निभा सकती हूं।

# हार्दिक का इस सिंगर से रिश्ता हुआ पक्का?



क्रिकेटर हार्दिक पांड्या एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वह अपनी एक्स पत्नी नताशा और उनसे लिए तलाक को लेकर नहीं, बल्कि अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड की वजह से सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। मंगलवार को हुए मैच के दौरान कुछ ऐसा हुआ है जिससे माना जा रहा है कि हार्दिक अब नताशा को भूलकर जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। हार्दिक की गर्लफ्रेंड की फोटो वायरल हो रही है। जिसे देख फैंस का कहना है कि हार्दिक और उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड जल्द शादी कर सकते हैं। हार्दिक पांड्या इन दिनों चैंपियन टॉफी में अपना दमखम दिखा रहे हैं। ऐसे में मंगलवार को हुए ऑस्ट्रेलिया और इंडिया के मैच में हार्दिक ने जब शानदार छक्के मारे तो हर कोई खुशी से झूम उठा, लेकिन उस दौरान स्टेडियम में कोई और भी था जो हार्दिक की परफॉर्मेंस देख काफी खुश हो रहा था, जी हां, हम बात कर रहे हैं हार्दिक पांड्या की रूमर्ड गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन की। जैस्मिन भसीन एक ब्रिटिश सिंगर हैं और लंबा अरसा हो गया है दोनों को हमेशा साथ में ही देखा जाता रहा है।

मैच के दौरान भी जब हार्दिक ने रन बनाए तो जैस्मिन उठकर तालियां और चिल्लाती हुई नजर आई। चैंपियन ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच के बाद उनकी फोटो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचाया हुआ है। उनका हार्दिक को चेयर करना फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

हर कोई अब फोटो देख दोनों के रिश्ते को पक्का और शादी की बातें कर रहा है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि हार्दिक नताशा के साथ ज्यादा अच्छे लगते थे।

# शादी की तैयारियों के बीच कैसे अलग हुए विजय और तमन्ना भाटिया



बॉलीवुड के फेमस कपल कहे जाने वाले विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया दोनों का रिश्ता खत्म हो गया है। खबर है कि दोनों ने हमेशा के लिए अपनी राहें अलग कर ली है। जैसे ही ये खबर फैंस तक पहुंची हर कोई सन्न रह गया। किसी को यकीन नहीं हुआ कि शादी की तैयारियों के बीच कैसे दोनों अलग हो सकते हैं। ब्रेकअप की खबर तब आई जब दोनों ने एक दूसरे के साथ इंस्टाग्राम पर सारी फोटो डिलीट कर दी,

लेकिन फिर भी किसी को ब्रेकअप की वजह समझ नहीं आ रही है। ऐसे में कुछ सबूत सामने आ रहे हैं जिसे फैंस दोनों के अलग होने का कारण बता रहे हैं। वहीं, कई फैंस का कहना है कि दोनों के रिश्ते में दरार फरवरी में ही आ गई थी। आइये जानते हैं ऐसे क्या सबूत है जो फैंस इस पर ठप्पा लगा रहे हैं।

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा साल 2023 में साथ आए थे। कपल ने कभी पब्लिक अपना रिश्ता किसी से नहीं छुपाया। दोनों ने ही खुलेआम अपने प्यार का इजहार किया। अब ब्रेकअप की वजह दोनों का काम बताया जा रहा है, लेकिन फैंस इन खबरों पर विश्वास नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया के अलग होने की असली वजह रवीना टंडन की बेटी और एक्ट्रेस राशा थडानी हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि राशा ने 9 फरवरी को मस्ती करते हुए अपनी और विजय की दुबई से कुछ फोटोज शेयर की थी। हालांकि, उन्होंने तमन्ना भाटिया को टैग भी किया था और मिस यू भी लिखा था, लेकिन फैंस का कहना है कि वेलेंटाइन डे से पहले विजय को तमन्ना के साथ होना चाहिए था, पर वह राशा के साथ थे। फरवरी को प्यार का महिना कहते है और दोनों ने समय अलग-अलग बिताया।

# डेविड वार्नर साउथ सिनेमा में मचाएंगे धमाल

## जल्द इस फिल्म में आएंगे नजर



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर खेल जगत के बाद अब फिल्म जगत में अभिनय का जादू चलाते नजर आएंगे। वॉर्नर निर्देशक वेंकी कुदुमुला की अपकमिंग एक्शन एंटरटेनर 'रॉबिनहुड' के साथ डेब्यू को तैयार हैं। फिल्म में अभिनेता नितिन मुख्य भूमिका में हैं, फिल्म के निर्माता वाई रविशंकर ने यह जानकारी दी।

अभिनेता जीवी प्रकाश की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'किंग्स्टन' के प्रमोशन इवेंट के दौरान जब एक एंकर ने निर्माता वाई रविशंकर से उनकी फिल्म 'रॉबिनहुड' के बारे में अपडेट मांगा, तब उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने फैंस और फिल्म प्रेमियों की खुशी के लिए फिल्म में कैमियो किया है। निर्माता ने बिना उनकी अनुमति के जानकारी का खुलासा करने के लिए निर्देशक वेंकी कुदुमुला से माफी भी मांगी।

उन्होंने कहा, "हमें 'रॉबिनहुड' के साथ डेविड वार्नर को भारतीय सिनेमा में लॉन्च करने की बहुत खुशी है।"

'रॉबिनहुड' में अभिनेता नितिन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वह संगीत निर्देशक जी वी प्रकाश की अपकमिंग हॉरर फंतासी 'किंग्स्टन' के प्रमोशन इवेंट में अपनी टीम के साथ शामिल हुए।

जैसा कि टाइटल से पता चलता है, 'रॉबिनहुड' में नितिन एक चोर की भूमिका में हैं, जो अमीर घरों से चोरी करके गरीबों में उस धन को बांट देता है। फिल्म में अभिनेता के किरदार का नाम हनी सिंह है। फिल्म में नितिन के किरदार पर नजर डालें तो यह एक साहसी व्यक्ति कि कहानी है, जो निडर है और सही गलत के नाम पर किसी से भी भिड़ने को तैयार है।

फिल्म पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, जिसकी डेट को अब निर्माताओं ने 28 मार्च तक आगे बढ़ा दी है। रॉबिनहुड का निर्देशन वेंकी कुदुमुला ने किया है और इसमें नितिन और श्रीलीला मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक जीवी प्रकाश कुमार ने संगीत दिया है और साईं श्रीराम ने छायांकन किया है। फिल्म का कला निर्देशन राम कुमार ने किया है और संपादन कोटि ने किया है।

# मौनी ने पति के लिए किया इमोशनल पोस्ट



'नागिन' फेम एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उनके पति सूरज नांबियार दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर पुरानी है जिसमें मौनी अपने पति के करीब खड़ी हैं। नए पोस्ट के साथ उन्होंने क्या बताया. बता दें मौनी रॉय और सूरज नांबियार ने 27 जनवरी, 2022 को मुंबई से दूर गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग की थी। उन्होंने पारंपरिक बंगाली और मलयालम रीति-रिवाजों से सूरज से शादी की थी।

मौनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कर कहा कि उन्हें ये तस्वीरें बहुत पसंद हैं। सबसे पहले मौनी ने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें दोनों पारंपरिक भारतीय परिधान पहने हुए हैं। सूरज सफेद कुर्ता पहने नजर आए, तो अभिनेत्री खूबसूरत सफेद और सुनहरे रंग की साड़ी पहने नजर आईं। शेयर की गई दूसरी तस्वीर में दोनों कैमरे के लिए रोमांटिक अंदाज में पोज देते नजर आए। मौनी सूरज को गले लगाती नजर आईं।उन्होंने कैप्शन में लिखा, "मुझे अपने पति की याद आती है जब हमें अलग-अलग देशों में काम करना पड़ता है। मुझे हम दोनों की ये तस्वीरें बहुत पसंद हैं।"वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त के साथ अभिनय करती नजर आएंगी। एक्शन-हॉरर कॉमेडी फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का टीजर शेयर किया था, जिसमें कॉमेडी के साथ डरावने सीन भी हैं।फिल्म में मौनी रॉय और संजय दत्त के साथ अभिनेता सनी सिंह और अभिनेत्री पलक तिवारी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का टाइटल पहले 'द वर्जिन ट्री' था। सिद्धांत सचदेव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में निकुन्ज लोटिया जिन्हें बेयूनिक के नाम से भी जाना जाता है और आसिफ खान जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# टीम इंडिया का रैंकिंग में दबदबा, टॉप 10 में 4 भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली.** एक ओर जहां टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में एंट्री कर ली है वहीं दूसरी ओर आईसीसी वनडे रैंकिंग का ऐलान हो गया है और बड़ी खबर ये है कि टॉप 10 बल्लेबाजों में 4 भारतीय खिलाड़ी हैं. शुभमन गिल पहले नंबर पर बरकरार हैं वहीं विराट कोहली ने एक पोजिशन की छलांग लगाकर चौथी पोजिशन हासिल कर ली है. हालांकि कप्तान रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान हुआ है. वो दो पोजिशन नीचे गिरकर पांचवें स्थान पर लुढ़क गए हैं. बाबर आजम की बात करें तो वो दूसरे नंबर पर बरकरार हैं और हेनरिक क्लासेन नंबर 3 पर हैं.



रोहित को क्यों नुकसान हुआ?

आइए अब आपको बताते हैं कि रोहित को आखिर आईसीसी वनडे रैंकिंग में क्यों नुकसान हो रहा है? दरअसल रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. वो लगातार चार मैचों में फेल रहे हैं. उन्हें शुरुआत तो अच्छी मिली है लेकिन ये खिलाड़ी बड़े रन बना पाने में नाकाम रहा. सेमीफाइनल में भी अच्छी शुरुआत के बावजूद भारतीय कप्तान 28 रन पर खराब शॉट खेलकर आउट हो गए. रोहित शर्मा को इसी का खामियाजा भुगतना पड़ा है.

विराट कोहली का जलवा

रोहित को नुकसान हुआ है लेकिन विराट कोहली का जलवा है. इस दिग्गज बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाने के बाद अब सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को भी धो डाला. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 98 गेंदों में 84 रन बनाए.

उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर ही टीम इंडिया ने 4 विकेट से सेमीफाइनल मैच जीता. दूसरी ओर लगातार दो मैचों में फेल होने वाले शुभमन गिल नंबर 1 पर तो हैं लेकिन उनके रेटिंग प्वाइंट घटे हैं. अब गिल, बाबर और विराट के अंकों में ज्यादा अंतर नहीं रह गया है. अगर विराट कोहली ऐसा ही प्रदर्शन करते रहे तो वो शुभमन गिल को सीधी चुनौती दे सकते हैं. वैसे चैंपियंस ट्रॉफी के दो मुकाबलों में अर्धशतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है. ये खिलाड़ी नंबर 9 से 8वीं पोजिशन पर पहुंच गया है.

# चंबा की दो महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का हिमाचल अंडर-23 टीम में चयन

**नई दिल्ली.** जिला चंबा की दो महिला क्रिकेट खिलाड़ी काशिका ठाकुर व नैंसी शर्मा हिमाचल प्रदेश की अंडर-23 वन-डे महिला क्रिकेट टीम में चयनित हुई हैं। अब ये खिलाड़ी हिमाचल क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच से हरियाणा में आयोजित होने जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगी। हिमाचल प्रदेश की टीम अपना पहला मुकाबला अरूणाचल की टीम के साथ खेलेगी। वहीं, हिमाचल का दूसरा मुकाबला असम की टीम के साथ, तीसरा मुकाबला उत्तराखंड के साथ, चौथा मुकाबला छत्तीसगढ़ के साथ तथा पांचवां मुकाबला हैदराबाद की टीम के साथ होगा। हिमाचल की टीम में जिला चंबा की दो खिलाड़ियों का चयन होने पर जिला क्रिकेट संघ चंबा सहित खिलाड़ियों लोगों ने इन्हें व हिमाचल की टीम को शुभकामनाएं दी हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पूर्व हुई क्रिकेट प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। साथ ही शिविर में भी शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी बदौलत इन्हें हिमाचल प्रदेश की टीम में अंतिम 15 में जगह मिली है। जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों कुलदीप ठाकुर, अमित कुमार, हरमीत भटियानी, विनोद, गौरव बक्शी, देवेंद्र, संजय अवस्थी, हमीद खान, किशन कुमार, सुनील, मिथुन ठाकुर, अशोक, अंतरिक्ष, इमरान सहित, मनुज शर्मा तथा अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों का कहना है कि उक्त दोनों महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है।



# दिल्ली हाईकोर्ट ने सुशील कुमार को दी नियमित जमानत

**नई दिल्ली.** मशहूर पहलवान सुशील कुमार को बड़ी राहत मिली है. दल्लिी हाईकोर्ट ने पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड में उन्हें नियमित जमानत दे दी है.सुशील को दिल्ली पुलिस ने मई 2021 के हत्या मामले में गिरफ्तार किया था. हालांकि, इससे पहले सुशील को जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए 7 दिन की अंतरिम जमानत मिली थी. ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या में शामिल होने के आरोप लगे हैं. इसके बाद उन्होंने कई बार जमानत के लिए आवेदन दयिा था, लेकिन अदालतों ने उनकी जमानत अर्जी ठुकरा दी थी. बाद में जुलाई 2023 में दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा था कि सात दिन बेल अवधि में उनके साथ दो सुरक्षाकर्मी 24 घंटे मौजूद रहेंगे. यह जमानत 23 जुलाई से 30 जुलाई तक के लिए मिली थी जिसके लिए 1 लाख का निजी बॉन्ड भरना पड़ा था.तब सुशील को हिदायत दी गई थी कि इस दौरान ना तो वह गवाहों को धमकाएंगे और ना ही सबूतों के साथ छेड़छाड़ करेंगे. सुशील कुमार की सुरक्षा के लिए दो गार्ड दिए गए थे. सुशील के खलिाफ दाखलि की गई चार्जशीट के मुताबिक, सुशील कुमार ने छत्रसाल स्टेडियम में हंगामे की योजना बनाई थी. बवाल के दौरान जूनियर पहलवान सागर धनखड़ की मौत हो गई.

# स्टीव स्मिथ ने अचानक लिया वनडे से संन्यास

**दुबई.** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में टीम इंडिया ने एंट्री कर ली है. सेमीफाइनल मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया. वैसे इस हार के सदमे से अभी ऑस्ट्रेलियाई फैंस उबरे भी नहीं थे कि स्टीव स्मिथ ने एक और बड़ा फैसला ले लिया. स्टीव स्मिथ ने अचानक वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया. वैसे तो स्टीव स्मिथ को जबरदस्त टेस्ट क्रिकेटर माना जाता है लेकिन वनडे और टी20 में भी उनका शानदार प्रदर्शन रहा. स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट में क्या कमाल किया ये आगे जानिए लेकिन इससे पहले विराट कोहली की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें वो स्मिथ को गले लगा रहे हैं. इस तस्वीर को देख ऐसा लग रहा है कि विराट को पहले से ही पता था कि ये दिग्गज बल्लेबाज संन्यास लेने वाला है.विराट कोहली ने दुबई में सेमीफाइनल मैच खत्म होने के बाद स्टीव स्मिथ को गले लगाया. उनसे कुछ देर बातचीत की. विराट थोड़े इमोशनल भी नजर आए. इमोशनल इसलिए क्योंकि स्मिथ के टैलेंट को वो भी सलाम करते थे. स्मिथ और विराट दोनों फैब 4 का हिस्सा हैं. दोनों की बल्लेबाजी के आंकड़ों की अकसर तुलना होती रहती है. मैच के बाद स्टीव स्मिथ ने विराट को सलाम भी किया. विराट कोहली पर स्मिथ बोले कि ये खिलाड़ी बहुत बड़ा मैच विनर है. रन चेज़ में तो उन्हें रोकना मुश्किल होता है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही उन्होंने काफी रन बनाए हैं.



स्टीव स्मिथ का वनडे रिकॉर्ड

स्टीव स्मिथ ने 169 वनडे मैच खेले और उन्होंने 5727 रन बनाए. इस खिलाड़ी का बैटिंग औसत 43 से ज्यादा का रहा. उनके बल्ले से 12 शतक और 34 अर्धशतक भी निकले. स्टीव स्मिथ ने साल 2010 मे वनडे डेब्यू किया था और बड़ी बात ये है कि ये दिग्गज खिलाड़ी बतौर गेंदबाज टीम में आया था लेकिन वनडे क्रिकेट से संन्यास लेते-लेते उनका बैटिंग औसत 40 से ज्यादा रहा जो कि सच में कमाल है. वैसे स्टीव स्मिथ वनडे को तो अलविदा कह चुके हैं. लेकिन अभी वो टी20 और टेस्ट खेलते रहेंगे. स्टीव स्मिथ टी20 फॉर्मेट इसलिए खेल रहे हैं क्योंकि वो 2028 ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहते हैं. 2028 ओलंपिक लॉस एंजेलिस में होना है और इसमें क्रिकेट भी शामिल है. वहीं टेस्ट क्रिकेट में उनकी फॉर्म कमाल की है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्मिथ ने भारत के खिलाफ दो शतक भी लगाए थे.

# सेमीफाइनल में भारतीय क्रिकेटर को सिर में लगी गंभीर चोट

**नई दिल्ली**. सेमीफाइनल मैच में एक भारतीय क्रिकेटर के साथ कांड हो गया. दरअसल, इस मुकाबले के दौरान उसका सिर फट गया. ऐसे गेंद लगने से हुआ, जिसके बाद वो खून से लथपथ गहो गया. हालत इतनी बुरी रही कि उसके सिर में टांके लगाने पड़े. ये चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले की कहानी नहीं बल्कि एचपीसीए इंटर स्टेट सीनियर डेज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच की घटना है. ये मुकाबला सोलन और शिमला की टीम के बीच खेला जा रहा था, जिसमें निखिल गांगटा नाम का खिलाड़ी घायल हुआ है.



निखिल गांगटा को चोट कैसे लगी?

अब सवाल है कि निखिल गांगटा को चोट कैसे लगी? तो उसका वीडियो सामने आ चुका है. वीडियो में आप निखिल गांगटा को स्लिप में फील्डिंग करते देख सकते हैं. इसी दौरान एक गेंद बल्लेबाज के बल्ले से लगने के बाद स्लिप में उनकी ओर जाती है. गेंद उनके पकड़ने से पहले टप्पा खाती है और सीधा उनके सिर में जा लगती है. इस घटना में उनका सिर फट जाता है और चेहरे पर सूजन आ जाती है. उनकी आंख के पास काला भी पड़ जाता है.

सोलन के खिलाफ शिमला की टीम से खेल रहे थे निखिल

निखिल गांगटा इस मैच में शिमला की टीम का हिस्सा थे. उन्हें सोलन के खिलाफ फील्डिंग करते हुए चोट लगी. घायल होने से पहले निखिल गांगटा ने मैच में एक कैच भी पकड़ा था.

उन्होंने ये कैच ओपनर नमन वर्मा का लपका था. मुकाबले में सोलन की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 88.3 ओवर में 10 विकेट पर 249 रन बनाए. जवाब में शिमला ने बेहतरीन पलटवार किया है. अब ऐसे में मुकाबले का नतीजा देखना दिलचस्प रहेगा. निखिल गांगटा को चोट लगने के बाद उन्हें जल्दी से ठीक होने की शुभकामनाएं लगातार मिल रही है. घाव देखकर लग रहा है कि चोट गहरी है. जाहिर है उससे रिकवर होने में क्रिकेटर को थोड़ा वक्त लग सकता है.

# हार्दिक पांड्या और जैस्मिन वालिया के बीच रिश्ते की खबरें गर्माई



**नई दिल्ली.** हार्दिक पांड्या इस समय काफी ज्यादा सुर्खियों में बने हुए हैं और इसके पीछे की मुख्य वजह ब्रिटिश सिंगर जैस्मिन वालिया हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल में जैस्मिन स्टेडियम में एक बार से नजर आईं। लेकिन माहौल उस समय गरम हो गया, जब हार्दिक के छक्के लगाने पर वो खुशी से झूम उठीं। उसे गगनचुंबी छक्के के दौरान उनका रिएक्शन देखने लायक था। हार्दिक के छक्के लगते ही कैमरामैन ने जैस्मीन की ओर फोकस किया और फिर पूरे स्टेडियम में उनकी झलक दिख गई। वह लगातार हार्दिक को सपोर्ट करती हुई देखी जा रही हैं। ऐसे में दोनों के बीच रिश्ते की खबरों ने आग लगानी शुरू कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक के छक्के पर जैस्मीन वालिया का रिएक्शन सोशल मीडिया पर आग की तरफ फैल रहा है। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। फैंस दोनों के रिश्ते की बात कर रहे हैं। अब ऐसे में आपके मन में यह सवाल होगा, कि आखिर जैस्मीन वालिया करती क्या हैं? साथ ही, आप ये भी सोच रहे होंगे कि उनकी कमाई कितनी है? तो आईए हम आपको उनके बारे में कुछ जानकारी देते हैं। जैस्मीन वालिया एक ब्रिटिश सिंगर और फेमस टीवी पर्सनैलिटी हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री से लेकर सोशल मीडिया पर उनके काफी चर्चे होते हैं। हार्दिक के साथ इंस्टाग्राम पर इंटरेक्शन के बाद दोनों के रिश्ते की खबरों में आग पकड़ ली। जैस्मीन का जन्म लंदन में हुआ है, लेकिन उनकी माता पिता भारत के रहने वाले हैं। उन्होंने पूरे विश्व का ध्यान उस समय खींचा, जब ब्रिटिश रियलिटी टीवी सीरीज द ओनली वे इज एसेक्स का हिस्सा बनीं।

# ऋतुराज गायकवाड़ ने धोनी से मिली कप्तानी की सलाह साझा की

**नई दिल्ली.**

ऋतुराज ने कहा कि धोनी ने उन्हें आश्वस्त किया और कहा कि मैदान पर अपने फैसले खुद लें। मौजूदा कप्तान ने बताया कि धोनी ने उनसे कहा था कि वह तभी उनकी मदद करेंगे जब उन्हें लगेगा कि फील्ड प्लेसमेंट 50-50 है। आईपीएल 2025 की शुरुआत में ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 22 मार्च से टूर्नामेंट का आगाज होगा। चेन्नई सुपर किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 23 मार्च से मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इससे पहले सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने उस वक्त को याद किया जब धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले उन्हें टीम की कप्तानी सौंप दी थी।

पांच बार की विजेता टीम के कप्तान ऋतुराज ने पावर-प्ले में बात करते हुए बताया कि धोनी उनके पास आए और जानकारी दी कि वह आईपीएल 2024 में टीम की अगुआई नहीं करेंगे। उनकी जगह गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया। युवा बल्लेबाज ने कहा- पिछले साल टूर्नामेंट से ठीक एक सप्ताह पहले एमएस धोनी मेरे पास आए और कहा, मैं इस साल कप्तानी नहीं कर रहा हूं, आप कर रहे हैं। मैं हैरान रह गया और पूछा, पहले गेम से? क्या आपको यकीन है? तैयारी के लिए बस कुछ ही दिन थे, यह बहुत भारी था।ऋतुराज ने कहा कि धोनी ने उन्हें आश्वस्त किया और कहा कि मैदान पर अपने फैसले खुद लें। मौजूदा कप्तान ने बताया कि धोनी ने उनसे कहा था कि वह तभी उनकी मदद करेंगे जब उन्हें लगेगा कि फील्ड प्लेसमेंट 50-50 है। ऋतुराज ने कहा कि धोनी का भरोसा उनके लिए बहुत मायने रखता है।ऋतुराज ने कहा- लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त किया यह आपकी टीम है। आप अपने फैसले खुद लें। मैं तब तक हस्तक्षेप नहीं करूंगा

# बिहार को मिली सेपक टाकरा वर्ल्ड कप की मेजबानी

**नई दिल्ली.** बिहार को पहली बार सेपक टाकरा वर्ल्ड कप की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है. मंगलवार को पटना के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतरराष्ट्रीय सेपक टाकरा फेडरेशन के महासचिव और एशियन सेपक टाकरा फेडरेशन के अध्यक्ष दातो अब्दुल हलीम बिन कादर ने कहा की राजगीर में अंतरराष्ट्रीय सेपक टाकरा अकादमी खुलेगी. उन्होंने बताया कि इससे बिहार ही नहीं, पूरे देश के खिलाड़ियों को फायदा होगा. उन्होंने बताया कि फिलहाल भारत की टीम को ट्रेनिंग लेने के लिए थाईलैंड जाना पड़ता है. वर्तमान में भारतीय टीम वहां ट्रेनिंग ले रही है.



सेपक टाकरा ने बिहार को दिलायी पहचान

इस मौके पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि सेपक टाकरा ने खेल जगत में बिहार को पहचान दिलायी. उन्होंने बताया कि पहले पटना की गलियों में यह खेल होता था. अब यह बिहार सरकार की खेलों की प्राथमिक सूची में शामिल है. विश्व कप का पटना में आयोजित करने का मकसद बिहार में इसे लोकप्रिय बनाना है. इसके अलावा इसके माध्यम से पूरे देश में बिहार की खेल छवि को सुधारना है.

18 मार्च को आयेंगी टीमें

विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए 18 मार्च को सभी टीमें बिहार आयेंगी. कुछ टीम पटना, तो कुछ टीम बोधगया में फ्लाइट से आयेंगी. सभी को रहने के लिए होटल ताज, मौर्य, चाणक्य, पनाश और लेमन ट्री में व्यवस्था की गयी हैं. विश्व कप के दौरान कुल 150 मैच खेले जायेंगे. तीन महिला, तीन पुरुष और एक मिक्सड की कुल सात स्पर्धाएं होंगी.

17-19 मार्च तक होगा रेफरी कोर्स

सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट योगेंदर सिंह दाहिया ने कहा कि पटना में 17 से 19 मार्च तक होगा रेफरी कोर्स का आयोजन. इसमें पास करने वाले को सर्टिफिकेट दिया जायेगा इस दौरान पुराने रेफरी के लिए भी रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया जायेगा

बिहार का बॉबी बनेगा नंबर वन

योगेंदर सिंह दाहिया ने कहा कि वर्तमान बिहार का सेपक टाकरा खिलाड़ी बॉबी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है. वह लगातार भारतीय टीम में खेल रहा है. बॉबी जल्द ही भारत का नंबर वन सेपक टाकरा खिलाड़ी बनेगा.

भारतीय टीम की जर्सी पर होगा बिहार का नाम

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि अगले एक वर्ष तक भारत की जूनियर और सीनियर सेपक टाकरा टीम खेलेगी, उसकी जर्सी पर बिहार का नाम प्रमुखता लिखा रहेगा

सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का 'लोगो' बिहार की संस्कृति, खेल भावना और भविष्य की ऊर्जा को एक साथ समेटे हुए है इस खेल का 'शुभंकर' बिहार की ताकत और गौरव का प्रतीक है.

पुरुष व महिला दोनों खिलाड़ी मिलकर खेलेंगे

पटना में होने वाले सेपक टकरा विश्व कप टूर्नामेंट में 20 देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे. इसमें भारत के खिलाड़ी के अलावा इटली, फ्रांस, जर्मनी, जापान, साउथ कोरिया, चीन, इंडोनेशिया, सिंगापुर, ईरान, इटली, फ्रांस, जर्मनी, स्वीटजरलैंड, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, ब्राजील एवं ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी प्रतिनिधित्व करेंगे. यह खेल पुरुष और महिला दोनों मिलकर खेलेंगे. इसमें पुरुष एवं महिला एथलीटों की संख्या 300 रहेगी.

आइए जानते हैं- क्या है सेपक टकरा

अधिकांश लोगों के मन में यह चल रहा होगा कि पटना में होने वाले 'सेपक टकरा' आखिर कौन सा खेल है? बता दें कि इस खेल का रोमांच दुनिया में अपनी जगह बनाने लगा है और भारत में भी इस खेल को खेला जाने लगा है. वर्ष 1992 में इस गेम के लिए इंटरनेशनल सेपक टकरा फेडरेशन का गठन किया गया है.

इस खेल को सबसे पहले मलेशिया में खेला जाता था. धीरे-धीरे यह इंडोनेशिया समेत पूर्वोत्तर देशों में भी फैल गया. अब यह खेल लगभग दुनिया के सभी देशों में खेला जाने लगा है. सेपक टकरा गेम बड़ा ही अजीब है.

कह सकते हैं कि यह फुटबॉल और वॉलीबॉल का मिक्सचर है. यानी वॉलीबॉल की तरह इसमें दोनों टीमों के बीच नेट लगी होती है और बॉल को एक-दूसरे के पाले में गिराने की कोशिश होती है, लेकिन यहां हाथ का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं होता. हाथ की जगह यहां पैर इस्तेमाल किए जाते हैं. पटना के लोगों को कुछ अलग देखने का मौका मिलने वाला है.

# दिल्ली में पकड़ी गई नक्सली महिला

## > फर्जी नाम से कर रही थी नौकरी
## > झारखंड पुलिस से कर चुकी 3-3 मुठभेड़

**नई दिल्ली.**

दिल्ली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन चलाकर एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। महिला इतनी खतरनाक है कि यह झारखंड पुलिस ने तीन-तीन मुठभेड़ कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि हमें जानकारी मिली कि एक नक्सली महिला दिल्ली में पहचान बदलकर नौकरी कर रही है। इसके बाद हमने एक ऑपरेशन चलाकर इस नक्सली महिला को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस ने दी ये जानकारी :** पुलिस ने बताया कि 4 मार्च 2025 को क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि सीपीआई (माओवादी) संगठन की सक्रिय सदस्य दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में रह रही है और वहीं महाराणा प्रताप एन्क्लेव में नौकरी कर रही है। इसके बाद पीतमपुरा में छापा मारकर महिला नक्सली को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल की यह महिला झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुदाबुरु गांव की रहने वाली है। वह अपनी असली पहचान छुपाकर दिल्ली में रह रही थी और यहां एक फर्जी नाम से काम कर रही थी।

गिरफ्तार महिला का जन्म 1 जनवरी 2002 को कुदाबुरु, पश्चिम सिंहभूम, झारखंड में एक किसान परिवार में हुआ था। वह 6 भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। महज 10 साल की उम्र में उसे गांव का एक माओवादी बहलाकर अपने साथ ले गया, यह कहकर कि उसे वहां बेहतर भोजन, देखभाल और सुरक्षा मिलेगी।

साल 2016 में उसने कुख्यात नक्सली नेता रमेश के नेतृत्व वाले सीपीआई (माओवादी) संगठन में शामिल होकर कोल्हान जंगलों में बने एक कैंप में ट्रेनिंग ली। इस कैंप में 300-450 नक्सली मौजूद थे, जिनमें 40-50 महिलाएं और 4-5 बच्चे भी थे। यहां इसे उग्रवादी बनने की कठिन ट्रेनिंग दी गई, जिसमें अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करना सिखाया गया।



**नक्सली गतिविधियों में संलिप्तता :** पुलिस पूछताछ में महिला ने कबूला कि उसने 5 साल तक अत्यधिक कठिन ट्रेनिंग लिया और उसे एसएलआर, इंसास, एलएमजी, हैंड ग्रेनेड और .303 राइफल जैसे घातक हथियारों को चलाने में महारत हासिल है। गश्त के दौरान वह आमतौर पर इंसास राइफल लेकर चलती थी।

**झारखंड पुलिस से 3 बार की मुठभेड़ :** पुलिस ने बताया कि यह महिला झारखंड पुलिस के साथ हुई तीन-तीन मुठभेड़ में अपने गैंग के साथ शामिल रही है। 2018 में कोल्हान जंगल में झारखंड पुलिस के साथ मुठभेड़ में वह शामिल थी, 2019 में पोराहाट जंगल में झारखंड पुलिस से टकराव के दौरान भी वह थी। इसके अलावा, 2020 में सोनुआ में पुलिस बल से सीधी भिड़ंत में भी वह गैंग के साथ थी।

**संगठन के कहने पर आई थी दिल्ली:** इसके बाद संगठन के आदेश पर वह पहचान बदलकर दिल्ली आ गई। यहां उसने 2020 से नोएडा और दिल्ली के जहां में घरेलू सहायिका के रूप में काम किया और गुप्त रूप से रहती रही। झारखंड के एक मामले में 26 मार्च 2023 को एसडीजेएम(पी), चाईबासा, झारखंड ने महिला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। अब दिल्ली पुलिस ने उसे सीआरपीसी की धारा 41.1 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 35(1)(सी) के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

# कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव गोल्ड तस्करी के आरोप में गिरफ्तार





**बेंगलुरु.**

कर्नाटक में बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव के पास से 12.56 करोड़ रुपये की सोने की छड़ें जब्त की गई हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआराई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने 33 वर्षीय एक भारतीय महिला यात्री को रोका, जो तीन मार्च को अमीरात की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी।

इस कार्रवाई के बाद डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु के लावेल रोड स्थित उसके (कन्नड अभिनेत्री के) आवासीय परिसर में तलाशी ली, जहां वह अपने पति के साथ रहती हैं। तलाशी में 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये की भारतीय मुद्रा जब्त की गई। महिला यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री रान्या राव वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। रामचंद्र राव वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास निगम के पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। गिरफ्तारी से पहले वह बेंगलुरु के लावेल रोड स्थित एक आवासीय परिसर में पति के साथ रहती थीं।

पुलिस अधिकारी की पहली पत्नी की मृत्यु हो गई थी और उसने एक ऐसी महिला से शादी की थी जिसकी पहली शादी से दो बेटियां थीं। रान्या उनमें से एक हैं। 33 वर्षीय अभिनेत्री रान्या राव ने साल 2014 में कन्नड़ फिल्म माणिक्य से अपने करियर की शुरुआत की थी।

**रान्या राव पर गोल्ड तस्करी का है आरोप :** रान्या राव पर आरोप है कि उनके साथ आए दो लोग ब्रीफकेस में तस्करी का सोना लेकर जा रहे थे। वे केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच से लगभग गुजर चुके थे और बाहर निकलने ही वाले थे, तभी तस्करी के प्रयास के बारे में विशेष खुफिया जानकारी रखने वाली डीआरआई टीम ने उन्हें रोका और तलाशी शुरू कर दी। डीआरआई के एक बयान में कहा गया, ''जांच करने पर, 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें व्यक्ति के शरीर पर चालाकी से छिपाई गई पाई गईं। 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की तस्करी की गई, जिसे सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

## चाय की चुस्की ले रहे थे लोग, तभी दुकान में जा घुसा ट्रक

# युवक की दर्दनाक मौत



**हाथरस.**

यूपी के हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा-बरेली मार्ग पर रामपुर गांव के पास बुधवार को एक ट्रक सड़क किनारे चाय की दुकान में जा घुसा। इस हादसे में चाय पी रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

**गाड़ी खड़ी करके दुकान में चाय पी रहा था युवक :** पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। सिकंदराराऊ की ओर जा रहा ट्रक बेकाबू होकर पहले चाय की दुकान में घुसा और फिर पास के एक घर से जा टकराया। इस घटना में 28 वर्षीय लोकेश नामक युवक की मौत हो गई। लोकेश हाथरस गेट के नगरिया नंदराम का रहने वाला था। वह कोका कोला फैक्ट्री से अपना कैंटर लेकर बरेली जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अपनी गाड़ी खड़ी करके दुकान पर चाय पी रहा था। तभी ट्रक ने दुकान में टक्कर मार दी।

इस घटना में सोबरन सिंह (30) नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है।

**परिवार में मचा कोहराम:** पुलिस ने लोकेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक लोकेश के परिजन जब पोस्टमार्टम गृह पहुंचे तो वहां कोहराम मच गया। लोकेश अपने पीछे दो बच्चों सहित पूरे परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया है। फिहला पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अखिलेश पर बरसे नाना पटोले और उद्धव

## > जमकर सुना दी खरी-खोटी

**मुंबई .**

मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली टिप्पणी को लेकर बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित किए गए सपा विधायक अबू आजमी ने कहा कि अपनी टिप्पणी वापस लेने के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। अपने कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो बयान में, आज़मी ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा है, लेकिन सदन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने विधानसभा के बाहर की गई टिप्पणी को वापस ले लिया, ''फिर भी मुझे निलंबित कर दिया गया।''

इससे पहले दिन में, राज्य विधानसभा ने आजमी को बजट सत्र के अंत तक सदन से निलंबित करने के लिए सर्वसम्मति से ध्वनि मत से एक प्रस्ताव पारित किया। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि आजमी की औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली टिप्पणी मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन ने इस मुद्दे को लेकर अखिलेश यादव को खरी खोटी सुनाई है।

**उद्धव ठाकरे ने कहा-हमेशा के लिए निलंबित करना चाहिए :** अबू आजमी के विवादित बयान और उनके निलंबन पर शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि अबू आजमी को सिर्फ बजट सत्र तक ही नहीं बल्कि हमेशा के लिए निलंबित कर देना चाहिए।अखिलेश को आपत्ति जताना है तो जताने दीजिए.. लेकिन यहां पूरे महाराष्ट्र ने आपत्ति जताया है, अगर अखिलेश) चाहते हैं तो उनको अबू आजमी को उत्तर प्रदेश से चुनकर लाएं। वो सच जानते हैं क्या?



**कांग्रेस नेता नाना पटोले बोले- सबको मालूम है :** जो महाराष्ट्र में महापुरुषों का अपमान करता होगा उसके ख़िलाफ़ कारवाई होनी चाहिए, पर जो लोग महापुरुषों का अपमान कर रहे है उनके ख़िलाफ़ सिर्फ़ जाति धर्म के आधार पर कार्रवाई ना हो। अन्य लोग भी हैं जिन्होंने महापुरुषों का अपमान किया है उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? यही सवाल हमारा है। अबू आज़मी किस के साथ हैं सभी को मालूम है।

उन्होंने एनडीए की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचारी है इसमें कई लोग हैं, अब शिंदे के लोग कह रहे हैं कि वह अफ़ेडेविट शिंदे नहीं बल्कि फडणवीस के ख़िलाफ़ है जो भी हो जांच होनी चाहिए।

# 6 महिला पंचों की जगह उनके पतियों ने ली शपथ



**कबीरधाम.**

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के एक गांव में नवनिर्वाचित 6 महिला पंचों के पतियों ने उनकी जगह पद की शपथ ली, जिसके बाद प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। घटना सोमवार को पंडरिया विकासखंड के परसवारा ग्राम पंचायत में हुई। कबीरधाम जिला पंचायत के सीईओ अजय त्रिपाठी ने बताया कि परसवारा गांव में पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद पंडरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) को मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

**प्रशासन ने जांच के आदेश दिए :** त्रिपाठी ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में हाल ही में संपन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण सोमवार को उनके संबंधित क्षेत्रों में पहली बैठक के दौरान हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, परसरवारा ग्राम पंचायत में चुने गए 11 वार्ड पंचों में छह महिलाएं शामिल हैं, जबकि सरपंच पुरुष है। पंचायत सचिव ने इन छह महिला पंचों की जगह उनके पतियों और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद की शपथ दिलाई। वीडियो में सभी पुरुष सदस्यों को शपथ लेते देखा जा सकता है।

**महिला सशक्तिकरण का मजाक :** कुछ स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस घटना को महिला सशक्तिकरण का मजाक करार दिया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो यह गलत उदाहरण पेश करेगा और इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिल सकता है।

भारतीय जनता पार्टी की भावना बोहरा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# बागेश्वर बाबा को पुलिस ने बिहार आने से रोका

**हाजीपुर.**

बागेश्वर वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री को बिहार पुलिस ने वैशाली आने से रोक दिया है। जानकारी के अनुसार बाबा बागेश्वर आज आने वाले थे लेकिन अब वे नहीं आएंगे। वैशाली पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, वैशाली जिले के जुड़ावनपुर गांव में बाबा बागेश्वर आज नहीं आ रहे हैं। पुलिस ने कहा कि कार्यक्रम में 5-7 लाख लोगों के आने की संभावना थी।

**इस वजह से नहीं मिली अनुमति :** पुलिस ने कहा कि राघोपुर संपूर्ण दियारा क्षेत्र गंगा नदी से चारों तरफ से घिरा हुआ द्वीपीय क्षेत्र है। जहां जाने का एकमात्र साधन पीपा पुल एवं नाव है। जिससे इतने लोगों का आवागमन सुरक्षा के दृष्टिकोण से संभव प्रतीत नही होता है। चूंकि इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन के लिए पर्याप्त जगह और आवागमन हेतु पर्याप्त साधन उपलब्ध नही है। इसलिए कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी गई है।



**धीरेंद्र शास्त्री ने लोगों से किया ये वादा :** वहीं, बाबा बागेश्वर उर्फ धीरेंद्र शास्त्री की तरफ से भी बयान जारी किया गया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवधानों के कारण हम नहीं आ पा रहे हैं। आप लोग अपना कार्यक्रम सफल बनाओ, हम बालाजी से प्रार्थना करते हैं।

प्रशासन ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अनुमति नहीं दिया तो पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अपना वीडियो जारी कर लोगों से वादा किया है कि हम जुड़ावनपुर गांव जरूर आएंगे। पक्का आएंगे, कब आएंगे ये आपको बाद में बताएंगे। आप अपना ख्याल रखिएगा।

# चीन ने पेश किया 249 अरब डॉलर का रक्षा बजट

**बीजिंग.**

चीन ने 2025-26 के लिए भारी भरकम रक्षा बजट का ऐलान किया है। इससे चीन के खतरनाक इरादों को समझा जा सकता है। चीन अपनी सेना को दुनिया की सबसे ताकतवर सेना बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। वह इस मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ना चाहता है। लिहाजा चीन अपने रक्षा बजट को हर साल बढ़ाता जा रहा है। इस बार चीन का कुल रक्षा बजट 249 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। पिछले साल की अपेक्षा यह उसके राष्ट्रीय रक्षा बजट में करीब 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। भारत के रक्षा बजट से यह काफी ज्यादा है।

चीन द्वारा यह घोषणा युद्धपोतों और नई पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को तेजी से विकसित करने सहित सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के अपने तीव्र प्रयासों के बीच की गई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया है कि, प्रधानमंत्री ली क्विंग द्वारा चीन की संसद में प्रस्तुत मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश का नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था। अमेरिका के बाद चीन के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है।



भारत से 3 गुना ज्यादा और अमेरिका से करीब 4 गुना कम है चीन का रक्षा बजट

चीन का यह रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से करीब 3 गुना ज्यादा है। वहीं अमेरिका के रक्षा बजट का करीब एक चौथाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित देश का नवीनतम रक्षा बजट 890 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इस लिहाज से चीन का रक्षा व्यय भारत के 78.8 अरब अमेरिकी डॉलर से लगभग तीन गुना अधिक है। जबकि अमेरिका से 4 गुना कम। चीन के रक्षा बजट के आंकड़ों को आलोचक काफी सतर्कता की दृष्टि से देखते हैं, क्योंकि चीनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर सैन्य आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिसमें विमानवाहक पोतों का निर्माण, उन्नत नौसैनिक जहाजों के निर्माण में तेजी और आधुनिक 'स्टील्थ' विमानों का निर्माण शामिल है। चीन की संसद के वार्षिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर रक्षा व्यय सहित वार्षिक बजट की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री क्विंग ने कहा कि पिछले वर्ष चीन ने राष्ट्रीय रक्षा और सैन्य आधुनिकीरण के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है।

## ट्रंप के संबोधन के दौरान अमेरिकी संसद में बड़ा हंगामा

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संबोधन के दौरान अमेरिकी कांग्रेस में भारी हंगामा हो गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के टेक्सास से प्रतिनिधि अल ग्रीन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में राष्ट्रपति के संबोधन के दौरान उनकी कुछ नीतियों का विरोध करते हुए जोरदार हंगामा करने लगे। इससे पार्लियामेंट में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ऐसा करने वाले पहले सांसद नहीं हैं, लेकिन हाल के दिनों में वह संभवत: एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें 'स्पीकर' ने मंगलवार रात को सदन से बाहर निकाल दिया। विपक्षी सांसद ग्रीन ने बाद में कहा कि उन्होंने सदन में अपनी बात रखी, भले ही उन्हें सदन के नेताओं द्वारा दंडित किया जाए। ग्रीन ने आठ करोड़ अमेरिकियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम का जिक्र करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''राष्ट्रपति कह रहे थे कि उनके पास जनादेश है और मैं यह स्पष्ट कर रहा था कि उनके पास 'मेडिकेड' में कटौती करने का कोई जनादेश नहीं है। लोगों को यह बताना महत्वपूर्ण है कि हममें से कुछ लोग इस राष्ट्रपति के खिलाफ खड़े होने जा रहे हैं।''

**ट्रंप पर क्यों भड़के सांसद ग्रीन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कांग्रेस में संबोधन की शुरुआत में ग्रीन भड़क गए। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य सदन के एक तरफ चुपचाप बैठे थे और दूसरी तरफ रिपब्लिकन पार्टी के उग्र सदस्य थे। जैसे ही ग्रीन बोलने के लिए उठे और राष्ट्रपति की ओर रुख किया, रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य ''यूएसए, यूएसए'' के नारे लगाने लगे जिससे उनकी आवाज़ दब गई। ट्रंप के पीछे मंच पर बैठे 'स्पीकर' माइक जॉनसन सारी स्थिति को देख रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह राष्ट्रपति के संबोधन को बीच में रोकने से हिचकिचा रहे थे, हालांकि अपना सिर हिलाकर उन्होंने सदन में शिष्टाचार बनाए रखने का इशारा किया। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना अंगूठा दिखाकर ग्रीन को बाहर निकालने का इशारा किया।

# पंजाब में फिर से खुशहाली ला रही हैं नहरें

**चंदिगढ़.**

अपनी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाने वाला पंजाब पिछले कुछ वर्षों से भू-जल संकट से जूझ रहा है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है, और यह समस्या किसानों के लिए एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। ऐसे में मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने नहरी पानी के माध्यम से न केवल इस संकट का समाधान खोजने का प्रयास किया है, बल्कि किसानों के लिए एक संजीवनी का काम भी किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने नहरी पानी की व्यवस्था को मजबूत करने और बढ़ाने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। उनके 'गांव-गांव नहरी पानी' मिशन ने किसानों के जीवन में आशा की किरण जगाई है। पंजाब सरकार ने 15,914 खातों को बहाल करके टेल एंड तक किसानों को नहरी पानी पहुंचाया।




**मान सरकार करवा रही नई नहरों का निर्माण :** पंजाब में सिंचाई का मुख्य साधन ट्यूबवेल है, और करीब 70 प्रतिशत सिंचाई इसी से होती है, जिससे भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके अलावा, केवल 30 प्रतिशत सिंचाई नहरों से होती है। इससे यह स्पष्ट है कि नहरी पानी का इस्तेमाल बढ़ाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस दिशा में काम करते हुए नहरों के पुनर्निर्माण और विस्तार की योजनाएं बनाई हैं, और कई योजनाओं को जमीन पर उतारा है ताकि नहरी पानी की उपलब्धता बढ़ाई जा सके और भू-जल के गिरते स्तर पर नियंत्रण पाया जा सके। इसी कड़ी में पंजाब के जल स्रोत विभाग ने देवीगढ़ डिवीजन की नई 9 नहरों के निर्माण का काम लगभग पूरा कर लिया है।

**नहर निर्माण से भू-जल के दोहन में आएगी कमी :** 9 नई नहरों के निर्माण से 100 गांवों को पीने के लिए नहरी पानी मिलेगा और 1 लाख 35 हजार 319 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई का रास्ता साफ होगा। यह परियोजना न केवल किसानों की सिंचाई की समस्या को हल करने में मदद करेगी, बल्कि इससे भू-जल के दोहन में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की पहल के तहत, पंजाब सरकार ने पुराने नहरों को फिर से पक्का किया है और नई नहरों का निर्माण कर रही है। इन परियोजनाओं की वजह से भू-जल को बचाने के साथ-साथ बिजली की भी बचत करेगी, क्योंकि नहरी पानी के कारण ट्यूबवेल का उपयोग कम होगा।


**नहरों से पंजाब की कृषि उत्पादकता में होगा सुधार :** पंजाब में भाखड़ा बांध से मिलने वाला पानी सीमित है, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार 'मालवा नहर' परियोजना पर काम कर रही है, जिससे मालवा क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा। इस परियोजना से पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब, बठिंडा, जीरा, फाजिल्का, और अन्य इलाकों में कृषि उत्पादकता बढ़ेगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र में समृद्धि आएगी। नहरों के पुनर्निर्माण और पक्कीकरण से किसानों को हर खेत तक पानी मिलेगा, जिससे सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान होगा और उपज बढ़ेगी।

# इजरायल की संसद में जमकर चले लात-घूंसे

**यरुशलम.**

इजरायल और हमास के बीच छिड़े युद्ध को लेकर हमास के हमले की जांच की मांग लंबे समय से की जा रही है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू जहां कल तक खुद इसके पक्ष में थे लेकिन ऐसा लगता है कि नेतन्याहू इस हमले की जांच को टालने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी मांग को लेकर अब इजरायली जनता ने मोर्चा खोल दिया है और वह सड़क से संसद तक पहुंच रही है। इजरायल की संसद में सोमवार को भीड़ ने जमकर हंगामा कर दिया और इस दौरान खूब लात घूंसे चले। संसद में लोग चर्चा करना चाहते थे।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संसद में संबोधन से पहले सात अक्टूबर के बंधकों और पीड़ितों के परिजनों और इजरायली संसद जिन्हें नेसेड गार्ड कहा जाता है, दोनों के बीच जबरदस्त झड़पें हुईं। यह झड़प तब शुरू हुई जब पीड़ितों और बंधकों के परिजन संसद में घुसने की कोशिश कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारी संसद के अंदर प्रवेश घुस गए और नेतन्याहू का विरोध करते हुए उन्हें पीठ दिखाई।





गार्डों ने प्रदर्शनकारियों को रोकते हुए कहा कि अंदर सिर्फ 10 लोग ही जा सकते हैं, मगर बंधकों और पीड़ितों के परिवार अपनी बात पर अड़े रहे। इस बीच तकरार इतनी बढ़ गई कि सुरक्षाकर्मियों ने परिजनों को अतिथि दीर्घा से दूर धकेलने की कोशिश की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। गार्ड और परिजनों के बीच झड़पों के दौरान दो लोग घायल हो गए।

**नेतन्याहू ने जांच से किया इनकार, विदेश मंत्री ने कही ये बात:** इजरायली संसद ने पहले ही जानकारी दी थी कि सोमवार के विशेष सत्र में कम से कम 40 लोग मौजूद होंगे। हालांकि, हालात इतने खराब हो गए कि लोगों को कथित रूप से एंट्री नहीं दी गई, और वे संसद के भीतर जबरदस्ती घुसने की कोशिश करने लगे।

नेसेट के अध्यक्ष ने इस मामले में गार्डों के बल प्रयोग की जांच के निर्देश दिए हैं। पीएम नेतन्याहू ने स्टेट कमिशन की मांग ठुकरा दी है। हालांकि, विदेश मंत्री ने नेतन्याहू से असहमति जाहिर करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ऐसी किसी भी जांच का समर्थन करेगी।